+917014373732 marudharnews.com info@marudharnews.com

खबरों और विज्ञापन हेतु संपर्क करें

हिन्दुस्तान की नई आवाज

मरूधर हिन्द

मरुधर हिन्द अब एक नए अंदाज में

CIN NO.- U74999RJ2020PTC067985
UN NO.- RJ02D0022186

वर्ष : 03 | अंक : 153 | जयपुर, बुधवार 06 जून 2022 | कुल पेज : 6

"क्योंकि ये करते है हमारे अपनो की हिफाजत"
वही विश्वसनीय ईलाज, एक नई जगह पर

VISHWAS Neuro Psychiatric Hospital

डॉ. सुमित मित्तल
M.D., FIAPP, MIPS
Consultant Neuro Psychiatrist
मस्तिष्क, मानसिक, सेक्स रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ

निम्न रोगी अपने ईलाज के लिए सम्पर्क करें :-
- सरदर्द, माईग्रेन
- नसों का दर्द
- बेहोश हो जाना
- उदासी (डिप्रेशन)
- सेक्स सम्बंधी समस्याऐं
- मिर्गी के दौरे आना
- आत्महत्या के विचार आना
- नींद न आना अथवा नींद में चलना
- किसी प्रकार का नशा जैसे तम्बाकू, चरस, गांजा आदि का सेवन करना

नया पता : 276, स्कीम नं. 2, अलवर मो. 7665412062

डॉ. सुमित मित्तल

आज का पंचांग

विक्रम संवत् 2079
मास - आषाढ़

- तिथि - सप्तमी
- वार -बुधवार
- पक्ष - शुक्ल पक्ष
- सूर्योदय - 05.23 प्रातः
- सूर्यास्त - 07.00 सायं
- चन्द्रोदय - 11.27
- नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी
- योग -वरीयान
- सूर्यराशि - मिथुन
- चन्द्रराशि - कन्या
- शुभकाल 10.29 से 12.11 दोप.
- राहुकाल 12.11 से 01.53 दोप.

दिशा शूल : उत्तर

आवश्यक होने पर धनिया या तिल खा कर यात्रा आरंभ करें।

स्टार डायजेस्ट

सीबीएसई रिजल्ट आने में लग सकते हैं 10-15 दिन

नई दिल्ली। सीबीएसई बोर्ड एग्जाम रिजल्ट की राह देख रहे स्टूडेंट्स का इंतजार अभी और लंबा हो सकता है। इस रिजल्ट के 10 जुलाई तक घोषित होने की उम्मीद की जा रही थी। इस बीच तकरीबन 31 लाख स्टूडेंट्स 10 वीं और 12 वीं के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। खासतौर से 10 वीं के स्टूडेंट्स कई अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए इस रिजल्ट की राह देख रहे हैं। सीनियर सीबीएसई ऑफिशियल के अनुसार, मूल्यांकन प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है लेकिन मार्क्स का वेरिफिकेशन अभी भी बाकी है।

किसान का बेटा हूं, खेत जोत लूंगा, ट्रांसफर की धमकी पर बोले जज

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट के जज एचपी संदेश ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें तबादले की धमकियां दी जा रही हैं। उनका कहना है कि एंटी करप्शन ब्यूरो और एडीजीपी को लेकर की गई टिप्पणियों के चलते धमकियां मिली हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया है कि वह इस तरह की बातों से डरते नहीं हैं। उन्होंने एसीबी की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे और इसे 'भ्रष्टाचार का केंद्र' बताया था। सोमवार को बेंगलुरु शहरी उपायुक्त कार्यालय के पूर्व तहसीलदार महेश पीएस की जमानत याचिका पर सुनवाई की।



पीएम मोदी ने गुजरात में किया डिजिटल इंडिया वीक का शुभारंभ : बोले

कभी जिन कामों को कराने में कई दिन लग जाते थे अब वो हो जाते हैं कुछ ही पलों में

गांधीनगर | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर में डिजिटल इंडिया वीक-2022 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में 'इंडियास्टेक ग्लोबल', 'माइ स्कीम', 'मेरी पहचान', 'डिजिटल इंडिया भाषिनी', 'डिजिटल इंडिया जेनेसिस', 'चिप्स टु स्टार्टअप' और 'कैटालाइजिंग न्यू इंडियाज टेकेड', 'की ई-बुक' जैसी अलग-अलग डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। 21 वीं सदी में जिनका जन्म हुआ है उन्हें डिजिटल लाइफ बहुत कूल लगती है। लेकिन 8-10 साल पहले कि स्थितियों को याद कीजिए, बर्थ सर्टिफिकेट के लिए लाइन, बैंको में लाइन, राशन लेने के लिए लाइन, बिल जमा करना है तो लाइन और एडमिशन के लिए लाइन। इतनी सारी लाइनों का समाधान भारत ने ऑनलाइन होकर कर दिया है। आज जन्म प्रमाण पत्र से लेकर सीनियर सिटीजन की पहचान देने वाले जीवन प्रमाण पत्र जैसी कई सेवाएं ऑनलाइन हैं। जिन कामों में कभी कई दिन लग जाते थे वो अब कुछ पलों में हो जाते हैं।

डीबी से बीते 23 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे

उन्होंने आगे कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से बीते 8 साल में 23 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे गए हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से देश के 2 लाख 23 हजार करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे हैं।कार्यक्रम के दौरान एक ऐग्जीबिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें आधार, यूपीआई, को-विन और डिजिलॉकर जैसे पब्लिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को आसानी से मिल रही सेवाओं के बारे जानकारी दी गई।

धृतराष्ट्र, दरबारी... उद्धव ठाकरे पर शिंदे गुट का हमला

मुंबई। शिवसेना से बागी हुए एकनाथ शिंदे अब सीएम बन गए हैं और विधानसभा में भाजपा के साथ मिलकर बनी उनकी सरकार ने बहुमत भी साबित कर दिया है। इसके बाद भी शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच जुबानी जंग जारी है। इस बीच एकनाथ शिंदे गुट के नेता गुलाबराव पाटिल ने सीधे उद्धव ठाकरे पर ही निशाना साधते हुए उन्हें धृतराष्ट्र करार दिया है।इसके अलावा इशारों में ही संजय राउत समेत कई नेताओं को दरबारी बताया है।

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी की कार्रवाई

चाइनीज कंपनी वीवो के 44 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को चाइनीज कंपनी वीवो पर छापा मारा है। यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड, पंजाब और हरियाणा सहित कई राज्यों के 44 जगहों पर इससे जुड़ी फर्मों में तलाशी ली गई है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में यह छापेमारी हो रही है। ईडी की कई टीमें सुबह से अलग-लाग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो भी पहले से जांच कर रही है।

आईटी और ईडी के निशाने पर हैं चाइना की मोबाइल कंपनियां

चाइना की अन्य कंपनियों की तरह वीवो भी आईटी और ईडी के रडार पर है। अप्रैल में जांच की मांग की गई थी कि क्या वीवो की ऑनरशिप और फाइनेंशियल रिपोर्ट में गड़बड़ी है या नहीं? ईडी, सीबीआई के साथ-साथ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय भी इन कंपनियों से जुड़े फर्मों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

सारे मोदी चोर कहने पर बढ़ीं राहुल की मुश्किलें

झारखंड हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर सिविल कोर्ट में बात रखने दिया निर्देश

रांची। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका खारिज करते हुए उन्हें अपनी बात रांची के सिविल कोर्ट में कहने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने कहा कि वह जिन बिंदुओं को हाईकोर्ट में उठा रहे हैं उन्हें सिविल कोर्ट में उठाना चाहिए। इसके पूर्व हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने शिकायत दायर की है।

एक दिन में स्पाइसजेट विमान के दो बड़े हादसे टले

दुबई जा रहे विमान की पाक में लैंडिंग कांडला-मुंबई का हवा में विंडशील्ड टूटा

नई दिल्ली। स्पाइसजेट विमान के साथ मंगलवार को एक के बाद एक दो हादसे होते-होते रह गए। पहला मामला सुबह का है जब दिल्ली से दुबई जा रहे विमान में तकनीकी खराबी की वजह से पाकिस्तान के कराची में लैंडिंग करानी पड़ी। दूसरा मामला कांडला से मुंबई जा रहे विमान का है। यह विमान अभी उड़ा ही था कि हवा में करीब 23 हजार फीट की ऊंचाई पर इसके विंडशील्ड आउटर पेन में दरार आ गई। हालांकि, विमान को मुंबई में सुरक्षित उतार लिया गया। बता दें कि पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमान में तकनीकी खराबी की यह सातवीं घटना है।

सातों घटनाओं की जांच करेगा डीजीसीए

डीजीसीए के मुताबिक स्पाइसजेट के क्यू-400 विमान में 23 हजार फीट ऊंचाई पर विंडशील्ड में दरार आ गई थी। इसके बाद तत्काल कांडला-मुंबई फ्लाइट को मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराने का निर्णय लिया गया। पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमान में तकनीकी खराबी की यह सातवीं घटना है। डीजीसीए के मुताबिक अधिकारियों ने मंगलवार को हुई दोनों घटनाओं की जांच शुरू कर दी है।

नीतीश से मिलीं द्रौपदी मुर्मू, बोलीं

मेरी रगों में दौड़ता है बिहार झारखंड और उड़ीसा का खून

पटना। पटना. एनडीए से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को समर्थन मांगने के लिए बिहार पहुंचीं। जहां उन्होंने सीएम नीतीश कुमार समेत बिहार एनडीए नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी दादी झारखंड की थी। उनकी रगों में बिहार, झारखंड, उड़ीसा का खून और हवा दौड़ती है। उन्होंने कहा कि यह धरती गुरु गोविंद सिंह, महा कवि विद्यापति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद अनुग्रह नारायण सिंह और जगजीवन राम और सम्राट अशोक और लोकतंत्र की रही है। भगवान बुद्ध की पावन धरती पर आप सब से मिलकर हमें खुशी हुई। हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। द्रौपदी मुर्मू ने आगे कहा कि देश के यशस्वी

दस राज्यों में सामने आए 69 मामले

भारत में कोरोना का नया वैरिएंट बीए.2.75 मिला

नई दिल्ली। देश में बीते 14 दिन से रोजाना कोरोना के 10 हजार से ज्यादा नए मामले आ रहे हैं। मंगलवार को भी 13,086 नए मामले दर्ज किए गए, 24 संक्रमितों की मौत हो गई। इसके साथ ही देश में कोरोना के नए सब-वैरिएंट बीए.2.75 ने एक्सपर्ट्स में घबराहट पैदा कर दी है। इजराइल के वैज्ञानिक डॉक्टर शाय फ्लीशोन का दावा है कि भारत के 10 राज्यों में यह सब-वैरिएंट मिला है।

आठ देशों में मिले इस वैरिएंट के 85 मामले

अब तक भारत समेत 8 देशों में इस नए सब वैरिएंट के 85 केस सामने आए हैं। 2 जुलाई तक महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक और हिमाचल में इसके 69 केस मिले। हालांकि, एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि जैसे जैसे वायरस कमजोर पड़ेगा, उसके नए सब-वैरिएंट सामने आते रहेंगे।

इंजीनियरिंग छात्रा के यौन शोषण का मामला

हिरासत में लिए गए झारखंड के आईएएस अफसर रियाज

खूंटी | एजेंसी

इंजीनियरिंग की एक छात्रा के यौन शोषण के मामले में झारखंड के खूंटी जिले में एक आईएएस अधिकारी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी ने छात्रा से छेड़खानी और किस करने की कोशिश की। पीड़ित छात्रा आईआईटी मंडी से इंटर्नशिप करने आए विद्यार्थियों के समूह में शामिल थी। छात्रा ने खूंटी के एसडीएम सैयद रियाज अहमद पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसने खूंटी के महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद एसडीएम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सैयद रियाज अहमद 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

खूंटी के एसपी अमन कुमार ने बताया कि 4 जुलाई की शाम को छात्रा की शिकायत दर्ज की गई थी। इसमें आईएएस पर उसका यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं। एसपी के अनुसार एक जुलाई की रात सभी लोग पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम ने गलत व्यवहार किया।

बदलाव

प्रत्येक रविवार रात 2.30 बजे तथा शेष दिनों में रात तीन बजे खुलेंगे पट

सावन में भक्तों के लिए डेढ़ घंटा पहले जागेंगे महाकाल

| उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रावण मास में भगवान महाकाल की दिनचर्या में बदलाव होगा। अवंतिकानाथ भक्तों के लिए आम दिनों की अपेक्षा डेढ़ घंटा पहले जागेंगे। पुजारियों के अनुसार श्रावण माह में अधिक भक्तों को दर्शन कराने के लिए भगवान जल्दी जागते हैं। पं. महेश पुजारी ने बताया कि श्रावण मास में भगवान महाकाल के जल्दी जागने का क्रम शुरू हो जाता है। श्रावण माह के प्रत्येक रविवार को रात 2.30 बजे तथा शेष दिनों में रात तीन बजे मंदिर के पट खोले जाते हैं।

इसके बाद भस्म आरती होती है और फिर आम दर्शन का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस बार 14 जुलाई से श्रावण मास की शुरूआत हो रही है, इसलिए 13 जुलाई की रात तीन बजे मंदिर के पट खुलेंगे। भस्म आरती के उपरांत सुबह पांच बजे से सामान्य दर्शनार्थियों को मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। बता दें कि विशेष पर्व व त्योहारों को छोड़कर वर्षभर तड़के चार बजे मंदिर के पट खोले जाते हैं। महाकाल मंदिर शाम पांच बजे भगवान महाकाल की संध्या पूजा होती है। इसके बाद भगवान का भांग श्रृंगार किया जाता है।

श्रावणी पूर्णिमा पर लगेगा लड्डुओं का महाभोग

श्रावणी पूर्णिमा पर रक्षाबंधन के दिन श्रावण मास का समापन होता है। इस दिन भगवान महाकाल को सवा लाखा लड्डुओं का महाभोग लगाया जाता है। श्रावण माह में जिस पुजारी की भस्म आरती रहती है, उस पुजारी परिवार की ओर से भगवान को लड्डुओं का महाभोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार जो भक्त माह पर्यंत श्रावण के उपवास रखते हैं, वे रक्षाबंधन के दिन भगवान महाकाल को लगने वाले महाभोग का प्रसाद ग्रहण कर उपवास खोलते हैं।

कला त्रिवेणी से सजी छह शाम आयोजित होंगी

मंदिर समिति द्वारा श्रावण-भादौ मास में प्रत्येक रविवार को श्रावण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ स्थानीय कलकार गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति देंगे। पूर्व में यह आयोजन महाकाल प्रवचन हॉल में आयोजित किया जाता था। लेकिन इस बार उत्सव का आयोजन रुद्रसागर के समीप स्थित त्रिवेणी संग्रहालय में होगा। इस बार श्रावण-भादौ में कला त्रिवेणी से सजी छह शाम आयोजित होंगी। प्रत्येक शाम तीन कलाकार प्रस्तुति देंगे। मंदिर समिति ने वैधानिक प्रक्रिया से 18 कलाकारों का चयन कर लिया है।

बागीदौरा में हिन्दू यूवा वाहिनी ने दिया उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

कुशलगढ़। हिन्दू यूवा वाहिनी बागीदौरा के कार्यकर्ताओ की और से राज्यपाल के नाम से ग्यापन दे कर तालीबानी विचारधारा के लोगो के द्वारा कन्हैयालाल की हत्या किये जाने की निन्दा के विरोध मे राज्यपाल महोदय के नाम से ग्यापन दे कर हत्यारो के विरूद्ध उचित धाराओ मे मुकदमा कायमी, दोषीयो को फांसी दिये जाने, पीडित के परिवार को 1करोड रूपया मुआवजा व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग की गई! हिन्दू यूवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि सीमी जैसे प्रतिबंधित संगठन नाम बदल कर देश मे आतंकी घटनाओ को अंजाम दे रहे है एवं हिन्दूओ की हत्याऐ करके देश का सामाजिक सौहार्द बिगाडना चाहते है ऐसे आतंकी संगठनो को चिन्हित करते प्रतिबंध लगाये जाने एवं दोषीयो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता होना बताया! ग्यापन देने मे हिन्दू यूवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट पुष्पेन्द्र त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष हरिश पटेल, जिला प्रवक्ता कुलदीप पासवान, मोतीलाल पटेल,धुव शाह, राज जानी,नारेग, चुन्नीलाल,छगनलाल,जूगनू जोशी,लक्ष्मण डामोर,एवं विभिन्न गांवो से आये कार्यकर्ता उपस्थित रहे! यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने दी!

मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची एस पी तेजस्वी गौतम

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के कस्बा हरसौरा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 7 जुलाई को हरसोरा सरपंच धोली रमेश अंबावत की सास मिश्रो देवी एवं ससुर रामदेव अंबावत की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शिरकत करेगें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले अलवर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वी गौतम ने तैयारियों का जायजा लेते हुए हैलीपैड़, सभा स्थल व पार्किंग की जगह देखी और सम्बधिंत अधिकारीयों को उचित दिशा निर्देष दिए। इस दौरान एडीम अभीलेख कुमार पीपल, एसडीम राहुल सैनी, एएसपी श्रीमन मीणा, डीएसपी मृत्युजंय मिश्रा, तहसीलदार जगदीष बैरवा, सीआई बानसूर रविन्द्र कविया, थानाधिकारी हरसोरा ताराचंद शर्मा सहित अन्य विभाग के अधिकारी मोजूद रहे।

हरसोरा में भाजपा मण्डल की बैठक संपन्न हुई

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर उपखंड के कस्बा हरसोरा के मीणा समाज धर्मशाला में भाजपा मण्डल कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा मण्डल हरसोरा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव ने बताया कि बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा की गई एवं जल्दी ही बूथ समितियों के निर्माण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मीणा समाज धर्मशाला में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर हनुमान यादव मंडल अध्यक्ष, प्रदीप यादव पंचायत समिति सदस्य,राम मित्तल पंचायत समिति सदस्य,कमल मीणा , वीरेंद्र सरपंच, मुकेश जांगिड़, शिशपाल यादव, रामस्वरूप सैनी, बाबूलाल यादव, दिनेश सैन आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामपुरा पाटन के ग्रामीणों ने मंदिर भूमि रूपांतरण व अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

मरूधर हिन्द

कठूमर । दिनेश लेखी। उपखंड क्षेत्र के ग्राम रामपुरा पाटन के ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम रामकिशोर मीणा तहसीलदार गिरधर सिंह मीणा विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि ग्राम रामपुरा पाटन में खसरा नंबर 511 रकवा 0.18 जो कि पुरानी जमाबंदी में बंजड सीवायचक दर्ज थी लेकिन मंदिर के पुजारी के द्वारा राजस्व कर्मचारियों के साथ सांठगांठ कर जमाबंदी में सीवाय चक बदलवा कर गैर मुमकिन आबादी दर्ज करवा दी और जिस पर जबरन कब्जा करने को उतारू है ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण को रुकवाने की मांग की एसडीएम रामकिशोर मीणा के निर्देश पर तहसीलदार गिरधर सिंह मीणा के द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में ही मौके पर राजस्व कर्मचारियों को भेजकर निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। और ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि अवैध तरीके से हुए कार्य की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

मानूसन की पहली बारिश ने दी गर्मी से राहत, मौसम हुआ सुहाना

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

कुशलगढ़। आखिरकार गर्मी से राहत पाने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे शहर व ग्रामीणों के वाशिंदों का इंतजार पूरा हो गया। मंगलवार की शाम को शहर व आस-पास के इलाकों में हुई मानसून की पहली झमाझम बारिश से लोगों के चेहरे खिल उठे। बारिश के बाद जहां एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी के प्रकोप से काफी राहत मिलीं। मंगलवार को सुबह ही मौसम में बदलाव दिखाई दिया। ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट रही और मौसम में ठंडक रही। आसमान में हल्के बादल छाए रहे। लेकिन शाम को एकाएक शहर में झमाझम बारिश का सिलसिला शुरु हो गया। जिले में कई स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं झमाझम बारिश हुई। शहर में भी लगभग एक घंटे तक बरसात हुई। बारिश की वजह से मौसम में ठंडक बढ़ गई। गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिली। बारिश के साथ चल रहीं हवाओं से मौसम सुहाना हो गया। लोगों ने घरों से बाहर निकलकर सुहाने मौसम का जमकर लुत्फ उठाया। कुल मिलाकर मानसून की पहली बारिश से जहां लोगों के चेहरे खिल गए। वहीं दूसरी ओर बारिश ने लोगों को कई दिनों से प्रचंड गर्मी का दंश झेल रहे लोगों को खासी राहत दी।

अपना घर सेवा समिति ने प्रभु जी को बझेरा स्थित अपना घर आश्रम भेजा

मरूधर हिन्द

कठूमर। दिनेश लेखी। अपना घर सेवा समिति इकाई कठूमर के अध्यक्ष रामअवतार प्रजापत ने मंगलवार को बताया कि बेसहारा,असहाय,लावारिस जीवो की प्रभु मानकर सेवा करने के लक्ष्य को लेकर अग्रसर मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर आश्रम बझेरा में संचालित है। जिसकी इकाई कठूमर अपना घर सेवा समिति के सदस्यों को कस्बा स्थित अहिंसा सर्किल के पास मानसिक रूप से कमजोर एक 30 वर्षीय युवक की जानकारी मिलने पर समिति के संरक्षक सोमेश्वर चौधरी व अशोक भारद्वाज मौके पर पहुंचे और प्रभु को गाड़ी में बैठा कर थाना कठूमर पुलिस से वेरीफाई करा अपना घर आश्रम बझेरा में पहुंचवाया गया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग व भारतीय गौरक्षा वाहिनी के सामूहिक आयोजन में सबने लिया सेवा कार्य करने का संकल्प

अरुण जोशी की रिपोर्ट

कुशलगढ़। पेटलावद,थांदला अंचल में बसे ग्राम रायपुरिया में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग व भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में समाज सेवा व गौ सेवा कार्यो की समीक्षा व अंचल में जन सेवकों को संगठन से जोड़ने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में गौ रक्षा वाहिनी के मध्यप्रदेश प्रभारी शाकिर गढ़वी, प्रदेश महामंत्री राजू धानक, आयोग के मध्यप्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष पवन नाहर, नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती होमी नंदलाल निनामा, जनपद प्रतिनिधि श्रीमती उर्मिलासिंह महेंद्रसिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर भारतमाता व गौ माता की जयकारें के साथ हुई। इस अवसर पर अतीथी वक्ताओं ने सभी नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को शुभकामना देते हुए उन्हें जनता से किये वादों को पूरा करने की बात कही। इस असवर पर समाजसेवी मोहनलाल पाटीदार रायपुरिया को पंच बनने की शुभकामना देते हुए उन्हें भारतीय गौ रक्षा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। आयोजन में भारतीय प्रेस आयोग के

मध्यप्रदेश अध्यक्ष समकित तलेरा, प्रदेश जन सेवक सम्पादक मांगीलाल परमार, वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम शर्मा, वी.के. सिंह, अधिमान्य प्रत्रकार मनोज उपाध्याय, राजेश डामर, लवेश राठौड़, राजेश राठौड़, नव निर्वाचित सरपंच पति नंदलाल निनामा, महेंद्रसिंह राठौड़, ग्राम पंचायत के सभी नव निर्वाचित पंच, राष्ट्रीय मानवाधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग प्रदेश महिला उपाध्यक्ष धापूबेन पाटीदार, पाटीदार समाज की महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा बेन पाटीदार, संस्था के तहसील उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार, कालुसिंह टांडा, आदि ने संस्था से जुड़कर गौ सेवा व मानव सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नाथूलाल पाटीदार ने किया व मोहनलाल पाटीदार व गोपाल चौयल ने आभार माना। ये जानकारी राजू धानक ने दी।

कस्बे की अरावली कॉलेज मे मुण्डावर विधायक का जाट समाज द्वारा हुआ स्वागत

मरूधर हिन्द

कठूमर। दिनेश लेखी। कस्बे के अरावली कॉलेज में मुण्डावर विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी का स्वागत समारोह किया गया ।

जाट समाज कठूमर के प्रवक्ता ओमवीर सिंह फौजदार एडवोकेट ने बताया कि मंडावर विधायक अपने एक दिवसीय दौरे पर निजी कार्यक्रम में कठूमर आए थे ।इस अवसर पर आदर्श जाट महासभा कठूमर द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक मंजीत चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कठूमर विधानसभा की सरदारी से उनके पिता एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय धर्मपाल चौधरी का विशेष लगाव रहा है । तथा उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए मैं कठूमर की 36 कौमों की सेवा व सहयोगकर अपने को धन्य समझूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श जाट समाज के अलवर जिलाध्यक्ष तुहीराम चौधरी ने की। इस मौके पर कार्यक्रम में जाट समाज कठूमर के अध्यक्ष रमेश चौधरी ,कैलाशी चौधरी,बनै सिंह चौधरी, तेजी लंबरदार,केहरी पटवारी रेटा, दीवान सिंह खेडामैदा, भगवान सिंह बेरका, भगवान सिंह पहलवान मसारी ,

टिटपुरी सरपंच हरबीर सिंह चौधरी ,प्रहलाद जहाडू, चंद्रप्रकाश तुसारी,गोविंद सिंह ठेकेदार जटवाड़ा, पंचायत समिति सदस्य रंजीत सिंह रेटा ,उदय राम चौधरी ,रूप सिंह फोरेस्टर,राजवीर हुल्याना, पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र चौधरी तिगरिया,देवेंद्र सिंह टैगोर स्कूल ,सियाराम ठेकेदार ,लखन सिंह दुधेरी,दीवान सिंह बेरका,चरन सिंह चौधरी नूरपुर ,महेंद्र,राजेंद्र,तेज सिंह चौधरी ,युवा जाट महासभा कठूमर अध्यक्ष जोगिंदर चौधरी मसारी, शिव सिंह रेला,मनोज चौधरी,वीरेंद्र सिंह रेला, रामजीत खेडामैदा,ओमवीर सिंह साबोरा, महेन्द्र सिंह बड़का,राजेन्द्र सिंह बडका, भगवान सिंह ठेकेदार नूरपुर, शिव सिंह भवनपुरा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं जतन संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में कोविड 19 रोधी टीकाकरण के लिए पिछले छह माह से लोगो को जागरूक किया जा रहा है

अरुण जोशी की रिपोर्ट

कुशलगढ़। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं जतन संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में यू एस एड मोमेंटम रूटीन इम्यु नाइजेशन प्रोजेक्ट के तहत बांसवाड़ा जिले में कोविड 19 रोधी टीकाकरण के लिए पिछले छह माह से लोगो को जागरूक किया जा रहा है । इसी परियोजना के तहत चार पहिया वाहन के माध्यम से बांसवाड़ा जिले के सभी ब्लॉकों में स्पीकर लगा कर टीकाकरण प्रोत्साहन के गीत बजाते हुए घर घर जाकर टीकाकरण किया जा रहा है और लोगो को इस विषय मे जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जतन संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. विवेक शुक्ला ने बताया की बांसवाड़ा के सभी ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिन क्षेत्रो या गाँवों में डर या भ्रांतियों की वजह से जो लोग टीकाकरण से बच रहे थे उनके टीकाकरण के डर एवं भ्रांतियों को दूर करने एवं अधिक से अधिक लोगो को एकत्रित करने में जतन संस्थान विगत 6 महीनों से जिले में स्वास्थ्य विभाग की सहायता कर रही है । इसमें टीकाकरणकर्ता एवं टीको को स्वास्थ्य केंद्र से

गाँव तक लाने ले जाने, कठिन और दुर्गम इलाको तक पहुच बनाने एवं भ्रमित लोगो को समझाकर टिका लगवाने आदि में यु एस एड मोमेंटम रूटीन इम्युनाइजेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत सहायता प्रदान की जा रही है ।

साथ ही जतन संस्थान के कार्यकर्ता और स्वयं सेवक डोर टू डोर संपर्क , रात्री चौपाल , नुक्कड़ नाटक , जागरूकता अभियान आदि गतिविधियों का आयोजन कर लोगो को प्रेरित करने का कार्य जारी रखे हुए है ।

इन्ही जागरूकता गतिविधियों के तहत सभी ब्लॉक में भी चोपहिया वाहन के ऊपर माइक लगाकर टीकाकरण के लिए गानों के माध्यम से प्रोत्साहित करने के लिए गाँव में वाहन को घुमाया जा रहा है और गृह भ्रमण के साथ ही एक विशेष शिविर आयोजित कर के वंचित लोगो का शिविर में टीकाकरण किया जा रहा है, जिले में अभी भी कई लोग प्रथम , द्वितीय और प्रिकोशन डोज से वंचित है ढ्ढ जतन संस्थान लगातार स्थानीय स्वयं सेवको के माध्यम लोगो के घर घर जाकर टीकाकरण में स्वास्थ्य विभाग को सहायता प्रदान की जा रही है । जतन संस्थान के स्वयं सेवक और कार्य करता ने घर घर जाकर संपर्क किया जा रहा है और छुटे हुए लोगो के पास जाकर टिके लगवाए जा रहे हैं।जिला कार्यक्रम प्रबंधक विपुल जवलेकर, ब्लॉक समन्वक आदि जागरूकता रथ के अवसर पर उपस्थित होते हैं। यह जानकारी जतन सस्थान से ब्लॉक समन्वयक श्री श्याम लाल डामोर ने दी।

ओझा ने स्वःरामविलास पासवान का जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया

कठूमर। दिनेश लेखी। दलित सेना एवं लोक जनशक्ति पार्टी, दलित सेना के संस्थापक, तथा दलितों के मसीहा स्वर्गीय रामविलास पासवान के जन्म दिवस के अवसर पर अजमेर में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दलित सेना राजस्थान एवं पूर्व सदस्य उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के महेंद्र कुमार ओझा एवं दलित सेना राजस्थान के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद मिट्ठू एवं अजमेर जिला अध्यक्ष विजय निर्माण एवं गिरीश शर्मा एवं अन्य साथियों के द्वारा होटल किंग्स हवेली में स्वःरामविलास पासवान का जन्म दिवस अत्यंत ही भव्य एवं हर्षोल्लास के द्वारा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र ओझा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं उपाध्यक्ष नेमीचंद मट्ठू ने कहा कि राजस्थान में आगामी 2023 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की पुनरावृति सुनिश्चित है। इसी तथ्य को मध्य नजर रखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी , रामविलास आगामी 2023, में विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनावों में अपने ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी साथी अजमेर जिला अध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी विजय निर्माण ने बताया कि अजमेर संभाग की 6 विधानसभा सीटों पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के

द्वारा कर्मठ एवं योग्य कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव लड़ने का अवसर प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चिराग पासवान के आदेशानुसार यह कार्य किया जावेगा एवं प्रदेश स्तर पर समान विचारधारा की पार्टियां राज कर रही हैं। जिस कारण देश के बहुजन समाज एवं शुद्र समाज के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। और आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में इन ताकतों को बदलना होगा जभी हम सही एवं सच्चे अर्थों में डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महात्मा बुध एवं ज्योतिबा फुले की विचारधारा को मान्यता प्रदान करते हुए सप्ता एवं संगठन में कार्य कर पाएंगे। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का जमाना वह देश का चिराग नहीं दीपक है। इसलिए मैं कहता हूं कि राजस्थान की सरकार अच्छा कार्य कर रही है । उसमें कोई कमी नहीं है। इसके के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दलित सेना राजस्थान ओझा ने कहा कि हम लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के साथ है।और राजस्थान में लोजपा रामविलास के उम्मीदवार हम तय करेंगे लेकिन हमरी पार्टी के संसदीय बोर्ड जो करेगा वह हम कार्य करेगें।

इसी के साथ आज पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दलित सेना राजस्थान एवं पूर्व सदस्य उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत के महेन्द्र कुमार ओझा एवं स्वःरामविलास पासवान के जन्मदिन पर सभी प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी गई और रामविलास पासवान के जन्मदिन पर जयंती समारोह के रुप में मनाया गया और आगामी बर्ष में स्वः रामविलास पासवान की राजस्थान में मूर्ति स्थापित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया।

विधायक सुरेश टाक ने ढसूक में की जनसुनवाई

मरूधर हिंद/अरांई/सवांददाता प्रकाश भागनानी

किशनगढ़ विधायक सुरेश टांक के ढसूक गाँव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और ढसूक गाँव के अस्पताल को उप स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार प्रकट किया। विधायक ने ढसूक के आई टी सेंटर में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर-गांवों का विकास कराना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। गांवों की समस्याओं को सुनकर उनका हाथों-हाथ निस्तारण किया किया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी खेमाराम यादव, तहसीलदार हनुमान प्रसाद, विकास अधिकारी पुरूषोत्तम पारीक, कनिष्ठ अभियंता माधुरी जैन, गिरदावर राजेन्द्र पारीक, पटवारी अशोक कुमार सहित अधिकारी मोजूद थे। जन सुनवाई कार्यक्रम में विधायक ने बताया कि ढसूक क्षेत्र में विकास की राह का आसान करने के लिए जल्द ही लाईफ लाईन के रूप में किशनगढ- मालपुरा

हाईवे का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आवागमन सुलभ हो जाएगा। उन्होने बताया कि ढसूक में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से यहां के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ईलाज मिल पायेगा। विधायक ने बताया कि उन्होने चुनाव घोषणा के दोरान की गई ढसूक की सभी घोषणाओं को पूर्ण कर दिया है। उन्होने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ विकास कार्यो को कर ग्रामीणों को राहत पंहुचाए। कार्यक्रम में भोगादीत सरपंच उषाभगवत सिंह, सादोलिया सरपंच रामराज चांगल, ढसूक सरपंच लाडा देवी, मुकेश कलवार, पवन पारीक, प्रभू लाल, महावीर औझा, कुलदीप पारीक, गणेश राव, रामसिंह मोठी, महावीर चौधरी, सहित कार्यकर्ता मोजूद थे।

यह आई समस्याए- ढसूक में विधायक की जनसुनवाई कार्यक्रम में कालबेलिया, भांड बस्ती का आवंटन कर उन्हे सो-सो वर्ग फीट के पट्?टे आवंटन के निर्देश दिये गये। इस पर उपखण्ड अधिकारी खेमाराम यादव ने बताया कि एक माह के दोरान आबादी भूमि का आंवटन कर ग्राम पंचायत को स्थानान्तरित कर दी जाएगी। जन सुनवाई में माण्ड्यबड मार्ग पर स्थित सार्वजनिक शोचालय को चालू करने, चारागाह भूमि से स्थायी तरीके से अतिक्रमण हटाने, खेल मैदान में जल भराव समस्या का निराकरण करने, रास्तों मे कीचड की समस्या का समाधान करने, सीसी सडकों पर जल भराव की समस्या का निराकरण करने के मुद्दे सामने आये। जिन पर विधायक ने हाथों-हाथ समस्याओं को संबधित विभाग के अधिकारियों को भेज कर निस्तारण के निर्देश दिये।

खेडली में आज साहू समाज ने व्यापारियों से बाजार बंद करने का किया आह्वान

मरूधर हिन्द

कठूमर। दिनेश लेखी। खेरली कस्बे में साहू समाज के लोगों द्वारा व्यापारियों से बुधवार को कस्बे के बाजारों में अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर में साहू समाज के कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में खेरली साहू समाज द्वारा कस्बे के सभी व्यापारियों से वुधवार 6 जुलाई को बाजार बंद करने की अपील की। जिसमे खुदरा व्यापार संघ, गुड खांडसारी संघ, व्यापार समिति, सर्राफा संघ, वस्त्र यूनियन एवं सब्जी मंडी यूनियन सहित समस्त व्यापार संघों के अध्यक्षों से अपील की जिसे कस्बे के व्यापारियों ने भी इस निर्मम हत्याकांड का विरोध करते हुए शांति पूर्ण तरीके से बाजार बंद रखने का समर्थन दिया गया है। वही सोमवार को साहू समाज द्वारा अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी दिया गया था ।

करणी सेना प्रदेश महामंत्री रजनी शक्तावत ने उदयपुर हत्याकांड में दोषियों की फांसी की सजा की मांग

मरूधर हिंद/महावीर सिंह

रजनी शक्तावत ने उदयपुर हत्याकांड का विरोध किया उनका कहना है कि यह बहुत ही निंदनीय घटना है और ऐसी घटना राजस्थान में आने वाले कल में कभी नहीं होनी चाहिए करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सूरजपाल सिंह जी अम्मू के आव्हान पर राजस्थान करणी सेना इस घटना का खुला विरोध करती है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले इसकी मांग करती,यह एक बहुत ही निंदनीय घटना है ऐसी घटना पूरे भारत में कहीं नहीं होने चाहिए कन्हैया लाल जी की आत्मा को भगवान शांति दे और इस दुख को सहने के लिए उनके परिवार को ईश्वर शक्ति प्रदान करें और इस घटना के बीच घायल हुए ईश्वर सिंह जी जल्द से जल्द स्वस्थ हो ऐसी ईश्वर से कामना है और राजस्थान पुलिस का भी बहुत-बहुत धन्यवाद कि उन्होंने जल्द से जल्द इन दोषियों को पकड़ा हमारे राजस्थान के दो वीर शक्ति सिंह चुंडावत और पहलाद सिंह चुंडावत ने जिस तरह इस घटना के दोषियों को पकड़वाने में जो राजस्थान पुलिस की मदद करी है उसके लिए भी बहुत-बहुत आभार और ऐसी घटना आने वाले कल में ना हो इसके लिए सरकार को सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए और आमजन को भी जागरूक होना चाहिए

सरपंच वीरेंद्र शर्मा का ब्राह्मण समाज ब्लॉक कोटकासिम ने किया सम्मान

मरुधर हिन्द हवासिंह चौधरी।

मुंडावर। कोटकासिम ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई जिसमें ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं.संजय शर्मा ने बताया आज ब्राह्मण समाज ब्लॉक कोटकासिम संरक्षक पं. चिरंजीलाल शर्मा व वैध रविन्द्र देव जोशी के नेतृत्व व सैकड़ों विप्र बंधुओं की मौजूदगी में सरपंच जसाई सरपंच व सरपंच जिला उपाध्यक्ष अलवर का माल्यार्पण कर सम्मान किए गया साथ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं.संजय शर्मा ने बताया वीरेंद्र सरपंच समाज के लिए हर परिस्थिति में तत्पर रहने वाले व अलवर जिले के एक ब्राह्मण गौरव के रूप में उभरकर सामने आये है जो लड़ाई को लड़ रहे है ब्राह्मण समाज उनके साथ तन मन धन से रहेगा! वहीं सरपंच वीरेंद्र शर्मा ने बताया आज समाज ने जो सम्मान दिया उसके लिए आभार व्यक्त करता हूं व जब भी समाज को मेरी जरूरत हो कहीं भी में पहुंच जाऊंगा सरपंच को सम्मानित करने वालों में ब्लॉक कोटकासिम संरक्षक पंडित चिरंजीलाल शर्मा वैध पं. रविन्द्र देव जोशी पं.जोहरीलाल शर्मा अध्यक्ष संजय शर्मा पंडित महेश शर्मा गोरक्षक चतुर्भुज शर्मा रामकिशन शर्मा डॉ अरुण शर्मा पं.लक्ष्मीनारायण शर्मा सोड़ावास अध्यक्ष पप्पू शर्मा, पंडित नरेश शर्मा पंडित प्रकाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य विप्र बंधु मौजूद रहें!

फर्जी मनरेगा मस्टररोल चला कर उठा लिया भुगतान,अब जेसीबी से हो रही पोखर खुदाई, ग्रामीणों ने की शिकायत

मरुधर हिंद /आमिर खान कामां

कामां-ग्राम पंचायत कठौल के ग्रामीणों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा मनरेगा श्रमिकों को रोजगार दिए बिना जेसीबी से पोखरो की खुदाई करने की शिकायत की है शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच द्वारा राजनीतिक रसूखात का फायदा उठाते हुए ग्राम पंचायत के विभिन्न गांवो में पोखर खुदाई की मस्ट्रॉल जारी कर मनरेगा श्रमिकों के नाम से भुगतान उठा लिया गया है लेकिन धरातल पर खुदैई कार्य हुआ नहीं था अब श्रमिकों के कार्य को जेसीबी से खुदाई कराकर पूरा कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है7 ग्राम पंचायत कठोल के ग्रामीणों ने पहाडी पंचायत समिति के विकास अधिकारी पर भी इस फर्जीवाड़े में सरपंच को शह देने के आरोप लगाए हैं शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की पहले भी शिकायत की गई थी तो सरपंच द्वारा शिकायत कर्ताओ पर जानलेवा हमला करवा दिया गया था7 ग्रामीणों ने बताया कि कठोर में चारागाह पोखर खुदाई व गांव थलचाना में मॉडल तालाब निर्माण में 80-80 श्रमिकों की मस्ट्रॉल जारी करवा रखी है लेकिन मात्र 10 लोगों को ही मौके पर बुलाकर बदल बदल कर उनके फोटो अपलोड कर हाजरी भर कर भुगतान उठा लिया जाता है लेकिन धरातल पर आज तक कोई कार्य नहीं हुआ है शिकायत के बाद पोल खुलने के डर से सरपंच द्वारा नरेगा श्रमिकों की फर्जी तरीके से भरी गई हाजिरी की एवज में अब धरातल पर कार्य दिखाने के लिए जेसीबी से खुदाई कार्य कराया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है ग्रामीणों का आरोप है कि इस फर्जीवाड़े में सरपंच, मेट को पहाडी पंचायत समिति के विकास अधिकारी का भी पूरा संरक्षण प्राप्त है उन्हीं के संरक्षण में ही सारा फर्जीवाड़ा हो रहा है।



तिजारा फव्वारा चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

मरुधर हिंद राकेश सैनी

तिजारा शेखपुर अहीर थाना क्षेत्र में दिनांक 3 -7 -2022 को मुकेश पुत्र ओमप्रकाश ने अपने खेत से फव्वारा चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पहले भी किसानों के खेतों से फव्वारे नोजल व केबल चोरी हो चुकी है शेखपुर थाना अधिकारी सचिन शर्मा ने मामले को गंभीर रूप से लेते हुए रात्रि में गस्त को बढ़ाया वह मुखबिर की सूचना से खेतों में चोरी करने वाले अलीशेर पुत्र इकबाल अरबाज पुत्र हारून इस्लाम पुत्र इकबाल तीन आरोपियों को दबोचा तीनों आरोपी बैंगन हेड़ी के निवासी हैं जिनसे पुलिस सख्ती से पूछताछ कर रही है।

बोल अनमोल

लक्ष्य को पाने के सहस्त्र बार आगे बढ़ो और यदि असफल हो जाओ, फिर भी एक बार नया प्रयास अवश्य करो।

- स्वामी विवेकानंद

जी-7 का बड़ा निवेश

बीते महीने जर्मनी में आयोजित सात विकसित देशों के समूह जी-7 द्वारा 600 अरब डॉलर निवेश करने की घोषणा से वैश्विक विकास को नयी दिशा मिलने की उम्मीद है। बीते साल समूह ने निम्न और मध्य आय वाले देशों के लिए इस योजना की परिकल्पना की थी। यह निवेश मुख्य रूप से चार क्षेत्रों में होगा- स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल कनेक्टिविटी, लैंगिक समानता तथा जलवायु एवं ऊर्जा सुरक्षा। उल्लेखनीय है कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जी-7 बैठक में आमंत्रित थे। इन क्षेत्रों में भारत बहुत सक्रियता से विकास की ओर उन्मुख है। स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को गांवों और दूर-दराज के इलाकों में पहुंचाने की योजनाओं के साथ बीमा और अन्य कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब तबके को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिशें हो रही हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए चल रहे दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की चौतरफा प्रशंसा हो रही है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का मुख्य जोर गांव-गांव तक ब्रॉडबैंड पहुंचाने पर है। बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए भी अनेक पहलें हुई हैं। स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के मामले में भारत एक उदाहरण के रूप में उभरा है। लेकिन इन क्षेत्रों में लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यापक निवेश की आवश्यकता है। कुछ समय पहले क्वाड समूह ने भी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में 50 अरब डॉलर के विशेष कोष की घोषणा की है। निश्चित रूप से इन पहलों से भारत समेत कई विकासशील देशों को लाभ होगा। इन प्रयासों को चीन की अगुवाई में चल रहे बेल्ट-रोड परियोजना की प्रतिस्पर्द्धा के रूप में देखा जा रहा है। चीनी परियोजना जितनी महत्वाकांक्षी है, उतनी ही विवादास्पद भी। उसमें शामिल अनेक देश चीनी कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं, तो बहुत से देशों में जनता ही चीनी परियोजनाओं से होने वाले नुकसान के खिलाफ आंदोलनरत है। ऐसे में अविकसित और विकासशील देशों को चीनी शोषण से बचाने तथा अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप विकास करने की संभावनाओं को साकार करने के लिए विकसित देशों के सहकार की बड़ी आवश्यकता थी। जानकारों की मानें, तो यह कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था और भविष्य में प्रस्तावित धनराशि में बढ़ोतरी करना भी जरूरी होगा। जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस वैश्विक भागीदारी की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया है कि यह अनुदान नहीं है, बल्कि निवेश है तथा सभी पक्षों को लाभ मिलेगा। भारत ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि जलवायु संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान तथा सकारात्मक अंतरराष्ट्रीय सहयोग सुनिश्चित करने के लिए विकसित देशों को आगे आना चाहिए।

आज के ट्वीट

मैं देश के प्रधानमंत्री पद की दावेदार नहीं हूं और न ही किसी पद की कोई लालसा है। 2024 में क्यों किसी चेहरे को आगे कर चुनाव लड़ा जाए और क्यों किसी को बिल्ली के गले में घंटी बांधनी है। हमारा देश संघीय ढांचा है, जो राज्यों से मिलकर बनता है। ऐसे में क्षेत्रीय पार्टियों को एक साथ आना चाहिए और लोकसभा मिलकर चुनाव लड़ें। लोग अगले लोकसभा चुनाव में मोदी के विरोध में वोट करेंगे। बीजेपी को नकारने के लिए वोट करें।

- ममता बनर्जी

ये 70 करोड़ लोग अब बेहतर जीवन की आकांक्षा कर रहे हैं और इसे सिर्फ सहकारी क्षेत्र द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। कांग्रेस ने सिर्फ 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, लेकिन गरीबी को खत्म करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए। पूंजीवाद और साम्यवाद शासन के चरम रूप हैं और विकास का सहकारी मॉडल ही देश के लिए सबसे उपयुक्त है।

- अमित शाह

आज का इतिहास

- 1885- लुई पाश्चर ने रेबीज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- 1944- महात्मा गांधी को पहली बार नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्रपिता कहा।
- 2002 - अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अब्दुल कादिर की हत्या।
- 2006 - विश्व कप फुटबाल में फ्रांस ने पुर्तगाल को हराया।
- 2008 - दक्षिणी मिस्र में 5000 साल पुराने शाही कब्रिस्तान की खोज की गई।
- 2012- संयुक्त राष्ट्र के व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की जारी विश्व निवेश रिपोर्ट-2012 के अनुसार बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए 2012 से 2014 की अवधि में चीन सबसे आकर्षक निवेश स्थल रहा।

जन्मे जो आज के दिन

श्यामा प्रसाद मुखर्जी

एक महान शिक्षाविद और चिन्तक होने के साथ-साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और कट्टर देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं।

- 1947 - अनवर जलालपुरी - 'यश भारती' से सम्मानित उर्दू के मशहूर शायर थे।
- 1935 - दलाई लामा - बौद्ध धर्म के धर्मगुरु।
- 1905 - लक्ष्मीबाई केलकर - भारत की प्रख्यात समाज सुधारक थीं।
- 1837 - रामकृष्ण गोपाल भंडारकर, समाजसुधारक
- 1940 - नूर्सुल्तान नाजर्बायव - कजाखस्तान के राष्ट्रपति थे।
- 1956 - अनिल माधब दवे - भारत सरकार में पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री थे।

क्या एकनाथ मातोश्री से हटा पाएंगे शिवसेना का केंद ?

युसुफ अंसारी

महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों ने बीजेपी के समर्थन से सरकार बना ली है। लेकिन इस यक्ष प्रश्न का अभी उत्तर नहीं मिल पाया है कि असली शिवसेना कौन सी है? महाराष्ट्र के नए बने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना से बगावत करने वाले 39 विधायकों का गुट असली शिवसेना है या फिर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में 16 विधायकों वाली शिवसेना ही असली है। दोनों को ही खुद को असली शिवसेना साबित करने के लिए काफी पापड़ बेलने पड़ेंगे। चुनाव आयोग से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। उद्धव ठाकरे से बगावत करके 38 विधायकों के साथ बीजेपी के समर्थन से सरकार बनाने वाले एकनाथ शिंदे ने अब शिवसेना पर कब्जा करने का कवायद भी शुरू कर दी है। वो दोतरफा रणनीति पर काम कर रहे हैं। एक तरफ तो उनकी मंशा उद्धव ठाकरे के साथ रह गए 16 विधायकों की मान्यता रद्द कराने की है। दूसरी तरफ वो चुनाव आयोग में शिवसेना और उसके चुनाव निशान धनुष और तीर पर दावा ठोकेंगे।

बीजेपी विधायक राहुल नार्वेकर ने महाराष्ट्र विधानसभा का नया स्पीकर बनते ही सबसे पहले एकनाथ शिंदे को शिवसेना के विधायक दल के नेता के तौर पर मान्यता दे दी है। इसी के साथ उन्होंने ठाकरे गुट के सुनील प्रभु की जगह शिंदे गुट के भरत गोगावले को शिवसेना का मुख्य सचेतक घोषित कर दिया। इससे विधानसभा ने शिंदे गुट का पलड़ा भारी हो गया है।

विधानसभा में मुख्य सचेतक बदले जाने से उद्धव ठाकरे गुट कमजोर स्थिति मे आ गया है। अब शिवसेना के विधायकों पर शिंदे गुट का व्हिप लागू होगा। व्हिप का उल्लंघन करने पर उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों की सदस्यता समाप्त हो जाएगी। बीजेपी और शिंदे की उम्मीद है कि अपनी सदस्यता बचाने के लिए कई और विधायक उद्धव का साथ छोड़कर उनके साथ आ सकते हैं। शिवसेना ने विधानसभा में मुख्य सचेतक बदलने के स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। शिवसेना के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष के पास व्हिप को मान्यता देने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले सी सुनवाई 11 जुलाई को करने को कहा है। इसी दिन महाराष्ट्र के सियासी संकट से जुड़े अन्य मामलों की भी सुनवाई होनी है।

गौरतलब है उद्धव ठाकरे ने शिंदे की बगावत के बाद उनके गुट के 16 विधायकों की मान्यता रद्द करने की अर्जी तात्कालीन विधानसभा उपाध्यक्ष को दी थी। लेकिन शिंदे गुट ने विधानसभा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कहकर सुप्रीम कोर्ट में उद्धव की शिकायत पर फैसला करने के उनके अधिकार को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए इस शिकायत पर फैसला करने से 11 जुलाई तक रोक लगा दी थी कि जिसका खुद का पद अविश्वास के दायरे में हो वो विधायकों की मान्यता रद्द करने जैसा महत्वपूर्ण फैसला नहीं कर सकता। अब दोनों गुट की शिकायतों पर 11 जुलाई को एक साथ सुनवाई होगी। इसका मतलब है कि विधानसभा में असली शिवसेना का फैसला भले ही विधानसभा स्पीकर करेंगे लेकिन इस पर मुहर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ही लगेगी। दिलचस्प है असली शिवसेना की लड़ाई 21 जून से महाराष्ट्र की राजनीति में उठापटक शुरू हुई थी।

एकनाथ शिंदे बागी विधायकों को लेकर सूरत के रास्ते गुवाहाटी पहुंच गए थे। इसी दौरान शिवसेना पर दावे को लेकर एक नई बहस शुरू हुई। एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे दोनों ही शिवसेना पर अपना दावा ठोक रहे हैं। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे का खेमा पार्टी के चुनाव चिन्ह पर दावा करने की तैयारी कर रहा है। दरअसल असली शिवसेना कौन सी है, ये तय करन के लिए अगली लड़ाई चुनाव आयोग में ही लड़ी जाएगी। अब दावा शिवसेना के चुनाव निशान धनुष और तीर के लिए किया जाएगा। हालांकि यह चुनाव आयोग ही निर्धारित करेगा कि चुनाव चिन्ह किसे मिलेगा। हालांकि शिंदे खेमा खुद को सच्चा शिवसैनिक और बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व का अनुयायी बता रहा है। उसके सामने अपने दावे चुनाव आयोग के सामने साबित करने की बड़ी चुनौती है।

बाल ठाकरे के चरणों में बैठे शिंदे की डीपी का संदेश बगावत के बाद से एकनाथ शिंदे अपने गुट को असली शिवसेना बताते रहे हैं। सूरत से गुवाहाटी के लिए रवाना होते हुए पत्रकारों के इस सवाल पर कि क्या उन्होंने शिवसेना छोड़ दी है, शिंदे ने कहा था, मैंने शिवसेना नहीं छोड़ी है, मैं बालासाहेब के हिंदुत्व और उनकी विचारधारा के साथ आगे बढ़ रहा हूं। हम शिवसेना में रहेंगे, हम बालासाहेब ठाकरे के शिव सैनिक हैं। उन्होंने कहा था कि बालासाहेब ठाकरे ने हमें सिखाया है कि हिंदुत्व की बात पर हम कभी समझौता नहीं करेंगे, सत्ता के लिए भी नहीं। हम शिवसेना नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के फौरन बाद उन्होंने अपने ट्वीटर हैंडल की डीपी बदल दी। उन्होंने बाला साहेब ठाकरे के पैरों के पास बैठे हुए अपनी फोटो लगा दी। इससे उन्होंने ये संदेश देने की कोशिश की कि वो ही बाल ठाकरे की विरासत आगे बढ़ा रहे हैं। बगावत के बाद एकनाथ शिंदे जितनी भी बार मीडिया के सामने आए, उन्होंने हर बार बाला साहेब के हिंदुत्व की बात की है। इससे उद्धव ठाकरे के लिए अपने पिता बाल ठाकरे की राजनीतिक विरासत बचाने की चुनैती खड़ी हो गई है। हालांकि शिवसेना नेता संजय राउत दावा कर रहे हैं कि शिवसेना सत्ता के लिए पैदा नहीं हुई है, सत्ता शिवसेना के लिए पैदा हुई है। यह हमेशा से बालासाहेब ठाकरे का मंत्र रहा है। हम बाला साहेब के विचारों पर चल रहे हैं। ऐसे में 'असली शिवसेना' को पार्टी के सभी पदाधिकारियों, विधायकों और सांसदों से बहुमत प्राप्त करना होगा। केवल एक पक्ष में बड़ी संख्या में विधायकों का होना ही किसी गुट को पार्टी के रूप में मान्यता देने के लिए पर्याप्त नहीं है। लेकिन राउत जानते हैं कि विधान सभा में स्पीकर सदन के भीतर सभी फैसले करने में सक्षम हैं।

खुद को असली शिवसेना साबित करना एकनाथ शिंदे के लिए भी आसान नहीं होगा। दल बदल कानून उनके रास्ते में बड़ी रुकावट पैदा कर सकता है। दरअसल इस कानून के मौजूदा प्रावधानों के मुताबिक अब किसी दल में विभाजन नहीं हो सकता बल्कि इसके दो तिहाइ या इससे अधिक सांसद या विधायक किसी दूसरे दल में विलय कर सकते हैं। शर्त ये है कि बैठक संसदीय दल या विधायक दल के नेता की तरफ से बुलाई गई हो। अभी तक एकनाथ शिंदे ने दो तिहाई बहुमत से अधिक विधायकों का समर्थन तो हासिल कर लिया है लेकिन किसी दूसरे दल में इस गुट का विलय नहीं किया है। दलबदल कानून का ये नियम उनकी राह में रोड़ा बन सकता है। इससे बचने के लिए ही शिंदे उद्धव ठाकरे के साथ विधायकों की मान्यता रद्द कराने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विधानसभा में असली शिवसेना का सवाल भी कानूनी दांव पेचों में फंसा हुआ है। पहले शिंदे गुट ने विधानसभा उपाध्यक्ष के अधिकार पर सवाल उठाया था। अब उद्धव ठाकरे गुट ने स्पीकर के अधिकार पर सवाल उठा दिया है। इनके अधिकारों पर फैसला सदन में बहुमत साबित करने के बाद होगा। लिहाजा शिंदे बहुमत साबित करके मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तो अपना कब्जा बरकरार रखने में तो कामयाब हो जाएंगे लेकिन पार्टी पर कब्जा करने के लिए उन्हें लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी होगी। शिवसेना को मातोश्री से बाहर निकालना इतना आसान नहीं है।

(अस्वीकरणः यह लेखक के निजी विचार हैं।)

कितना बड़ा है रिलायंस में यह फेरबदल

मृत्युंजय राय

दुनिया के 9वें सबसे अमीर इंसान मुकेश अंबानी का कारोबारी साम्राज्य रिटेल से लेकर टेलिकॉम और ऑयल रिफाइनिंग तक फैला हुआ है। पिछले मंडे को उन्होंने रिलायंस इंफोकॉम लिमिटेड (आरजेआईएल) का चेयरमैन पद छोड़ दिया, जिस पर अब उनके बड़े बेटे आकाश बैठेंगे। इसे रिलांयस ग्रुप में उत्तराधिकार योजना की शुरूआत माना जा रहा है। यह आगे क्या शक्ल लेगी, इसका पक्का पता नहीं है, लेकिन कुछ संकेत जरूर मिले हैं।

रिलायंस ग्रुप में हुआ यह बदलाव देश के लिए भी मायने रखता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज भारतीय शेयर बाजार और इकॉनमी का अहम स्तंभ है। आइए, देखते हैं कैसेः

- रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 16.29 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 2022 में देश के 147.36 लाख करोड़ रुपये के जीडीपी का 11 पर्सेंट है।
- फॉर्च्यून 500 कंपनियों की लिस्ट में 2021 में रिलायंस इंडस्ट्रीज 155वें नंबर पर थी।
- कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 67 हजार करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाया।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज में वित्त वर्ष 2022 में 2.46 लाख लोग काम कर रहे थे।
- वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 1.35 लाख करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स दिया।

यानी रिलायंस में किसी भी बदलाव का सरकार की आमदनी और देश की इकॉनमी पर असर होगा। इसलिए कंपनी में भविष्य में लीडरशिप क्या शक्ल लेती है, उसकी काफी अहमियत है।

पिता धीरूभाई अंबानी की मृत्यु के बाद मुकेश अंबानी का छोटे भाई अनिल अंबानी के साथ संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद लंबा चला था। धीरूभाई ने अपने जीते जी कारोबार का बंटवारा नहीं किया था। शायद, मुकेश अपने बच्चों के बीच वैसा विवाद नहीं देखना चाहते। इसलिए उन्होंने उत्तराधिकार योजना को लागू करना शुरू कर दिया है। इस पर तफसील से नजर डालने से पहले यह जानना जरूरी है कि कंपनी के अहम बिजनेस क्या हैं?

- रिलायंस इंडस्ट्रीज की वित्त वर्ष 2022 में कुल आमदनी 7.93 लाख करोड़ रही। यह कंपनी अपने आप में एक बिजनेस एंपायर है, जिसके तीन अहम हिस्से हैं।
- इनमें सबसे बड़े तेल और केमिकल बिजनेस से आमदनी 5 लाख करोड़ रही और ऑपरेटिंग प्रॉफिट 58 हजार करोड़ से ज्यादा।
- इसके बाद रिटेल बिजनेस से पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की आमदनी करीब 2 लाख करोड़ रही, जिसमें 27 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई।
- रिटेल बिजनेस का मुनाफा भी 29 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 7,055 करोड़ रुपये हो गया।
- रिलायंस जियो प्लैटफॉर्म्स की आमदनी वित्त वर्ष 2022 में 11 फीसदी बढ़कर 1 लाख करोड़ से अधिक हो गई।
- कंपनी का मुनाफा 23.6 फीसदी बढ़कर साढ़े 15 हजार करोड़ के करीब जा पहुंचा।

रिलायंस के पूरे बिजनेस एंपायर की शेयर बाजार अभी करीब साढ़े 16 लाख करोड़ रुपये कीमत लगा रहा है, जो कम है। अगर कंपनी के तीनों बिजनेस अलग होते हैं और डिजिटल के साथ रिटेल बिजनेस को मार्केट में लिस्ट कराया जाता है तो यह रकम कहीं अधिक होगी।

पिछले साल अप्रैल में ग्रे मार्केट में रिलायंस रिटेल की वैल्यू 7 लाख 90 हजार करोड़ रुपये को पार कर चुकी थी। उसके बाद के एक साल में कंपनी का मुनाफा 29 फीसदी बढ़ा है। इसी तरह रिलायंस जियो प्लैटफॉर्म्स में कंपनी ने दो साल पहले पांच निवेशकों को हिस्सेदारी 51 लाख 36 हजार करोड़ रुपये के वैल्यूएशन पर बेची थी।

इन बिजनेस की असल वैल्यू भले ही अधिक हो, लेकिन यह कीमत तभी लगेगी जब ये अलग-अलग शेयर बाजार में लिस्ट हों। यह भी कहा जा रहा है कि आगे चलकर रिलायंस ग्रुप के अलग-अलग बिजनेस एक होल्डिंग कंपनी के अंदर आ जाएंगे। होल्डिंग कंपनी वाले मॉडल में मार्केट अलग-अलग बिजनेस की पूरी वैल्यू नहीं देता।

आइए, अब एक-एक करके आपको आकाश, ईशा और अनंत के बैकग्राउंड और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताते हैं। सक्सेशन प्लान में कंपनी का डिजिटल बिजनेस शायद आकाश को मिले। वह 2016 में जियो के लॉन्च होने से पहले उससे जुड़े हैं। इससे दो साल पहले 22 साल की उम्र में ही उन्हें कंपनी के बोर्ड में शामिल कर लिया गया था। कहते हैं कि 2020 में जब जियो में गूगल और फेसबुक ने निवेश किया तो उसके पीछे भी आकाश का ही दिमाग था। आकाश की जुड़वां बहन ईशा आगे रिटेल बिजनेस संभाल सकती हैं। रिलायंस ग्रुप ने 2016 में ई-कॉमर्स बिजनेस में कदम रखा तो उसका श्रेय अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी से पढ़ीं और कंसल्टिंग कंपनी मैकिंजी में काम कर चुकीं ईशा को ही जाता है।

मुकेश अंबानी के बच्चों में सबसे छोटे 27 साल के अनंत हैं। उन्होंने भी अपने बड़े भाई आकाश अंबानी की तरह अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। माना जा रहा है कि अनंत को कंपनी के एनर्जी बिजनेस की जिम्मेदारी मिलेगी। लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि यह बिजनेस बहुत बड़ा है। अभी इसी बिजनेस से कंपनी को सबसे अधिक आमदनी और मुनाफा होता है। इसलिए शायद उन्हें अकेले इसकी पूरी कमान न मिले।

सवाल यह है कि अगर उत्तराधिकार योजना पर अमल शुरू हो गया है तो यह पूरा कब तक होगा? अभी जो संकेत मिल रहे हैं, उन्हें देखकर लगता है कि इसमें कुछ साल का वक्त लग सकता है।

अस्वीकरणः ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

बारिश में बढ़ जाता है फंगल इंफेक्शन का खतरा

मरूधर हिंद

जयपुर। बारिश के मौसम में जलवायु गर्म और आर्द्र होती है। इस मौसम में त्वचा का ख्याल रखना बहुत जरूरी है क्योंकि मॉनसून में बैक्टीरियल और फंगल दोनों तरह के संक्रमण होने का खतरा ज्यादा होता है। शरीर में अ ल ग - अ ल ग जगहों पर इंफेक्शन हो सकता है। ऐसे में इन इंफेक्शन को नजरअंदाज करना आपके लिए परेशानी बढ़ा सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस समस्या से बचने के लिए खुद को साफ और सूखा रखना आवश्यक है। इसके साथ ही साबुन के प्रयोग से भी आप खुद को फंगस से संक्रमित होने से बचा सकते हैं। कपड़ों को नियमित रूप से धोएं। बरसात में अगर गीले हो जाएं तो उन्हें फौरन बदल लें। इससे फंगल संक्रमण से बचाव में मदद मिलेगी।

फंगल इन्फेक्शन क्या होता है?

स्किना क्लीनिक के वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल जैन ने बताया कि फंगल इन्फेक्शन काफी आम होता है। मनुष्यों में, फंगल इन्फेक्शन तब होता है जब फंगस आपके शरीर पर सीधे आक्रमण करती है अगर आपका इम्यून सिस्टम उतना मजबूत नहीं होता कि आपको उस इन्फेक्शन से बचा सके। यह एक ऐसा इन्फेक्शन होता है जो शरीर पर कई प्रकार के फंफूद या कवक के कारण हो जाता है, जिनमे डर्मेटोफाइट्स और यीस्ट प्रमुख होते हैं। फंफूद मृत केराटिन में पनपता है और धीरे धीरे हमारे शरीर के ऐसे स्थानों में फैल जाता है जहाँ थोड़ी नमी होती है जैसे कि जांघों के बीच, पैर की उँगलियों के बीच का हिस्सा, नाखून, जननांग, स्तन इत्यादि।

नजरअंदाज करने पर बन सकते हैं परेशानी का सबब

फंगल इन्फेक्शन के कारण

फंगस अक्सर गर्म और नम वातावरण में बढ़ती है। पसीने से तर या गीले कपड़े पहनना भी आपकी त्वचा के इन्फेक्शन के लिए एक जोखिम कारक है। त्वचा के कटने या फटने से भी बैक्टीरिया त्वचा की गहरी परतों में अंदर तक जा सकता है और विभिन्न प्रकार के इन्फेक्शन हो सकते हैं। लंबे समय तक जूते पहनना, तंग कपड़े पहनना, ज्यादा पसीना आना, कमजोर इम्यून सिस्टम के कारण भी फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

ये होते हैं लक्षण

डॉ. अतुल बताते हैं कि वैसे तो फंगल इन्फेक्शन के लक्षण इसके प्रकार पर निर्भर करते हैं, लेकिन कुछ सामान्य लक्षण जैसे त्वचा में परिवर्तन, जिसमें लाल और संभवतः त्वचा का कटना या छिलना, प्रभावित हिस्से में खुजली होने के लक्षण मरीज को हो सकते हैं। फंगल कई प्रकार के होते हैं जिनके लक्षण और जगह अलग-अलग हो सकते हैं। बारिश में टीनिया वर्सीकोलर, जोक इच (दाद का एक प्रकार), एथलीट फुट, दाद या रिंगवॉर्म, स्कैल्प का दाद और नाखून में भी फंगल इन्फेक्शन हो सकते हैं।

इंफेक्शन की गंभीरता को देखते हुए होता है इलाज

फंगल इंफेक्शन को खत्म करने के लिए या जल्दी ठीक करने के लिए कई तरह से ट्रीटमेंट किया जा सकता है। डॉ. अतुल ने बताया कि इंफेक्शन का प्रकार और उसकी गंभीरता को देखते हुए इसका इलाज किया जाता है। फंगल इंफेक्शन की गंभीरता से बचने के लिए शुरूआती लक्षणों में ही इसका इलाज ले लिया जाना चाहिए। शुरूआत में इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है। फंगल इंफेक्शन से बचने के लिए पसीने से बचाव, खुले कपड़े पहनना, गीले कपड़ों को सुखाकर रखने जैसे उपाय अपनाएं जा सकते हैं।

चित्रकूट के घाट से

को कृपाल संकर सरिस

विरह मंदिर से भरत पयोधि का मंथन हुआ अमृत प्रकट करने के लिए। अमृत प्रकट होने के पूर्व 'हलाहल' का प्रकट होना स्वाभाविक है। भले ही, वह विष की ज्वाला काल जैसी भयावनी प्रतीत हो रही हो, पर उससे कोई नष्ट नहीं हुआ। शंकर जी ने उसे पी लिया और वे नीलकंठ अमर हो गए। यह हलाहल प्रकट हुआ और पिया कैकेयी अम्बा ने। वे ही इसको पान करने वाली नीलकंठ शंकर हैं। श्री शंकर ने पिया-'को कृपाल संकर सरिस' कहकर उनकी लोगों ने प्रशंसा की। कैकेयी अम्बा ने पिया लोंगों ने उनके महत्व को नहीं पहचाना पर सुजान प्रभु से तो कुछ छिपा नहीं था। उन्होंने घोषणा की-

दोसु देंजिननिहिं जड़ तेई। जिन्ह गुरसाधु सभा नहिं सेई।।

हां कैकेयी अम्बा ने अपने लाल राम का कार्य बनाने के लिए ही यह सब कुछ किया था। उसके बदले उन्होंने पाया चिरअपयश, विधवापन और प्राणप्रिय पुत्र से तिरस्कार! बलिहारी! हां तो, प्रभु ही भरत-पयोधि के मन्थनकर्ता थे। उन्होंने 'सुर साधु' को प्रेमामृत पिलाकर अमर किया और अपनी अम्बा को अमर कर दिया यह 'कालकूट' पिलाकर, उन्होंने 'एका क्रिया द्वय अर्थकरी प्रसिद्धा' का बड़ा ही विलक्षण निर्वाह किया। हम इसमें एक ओर भरत का राम प्रेम पाते हैं, प्रेमी के लिए लौकिक सम्बन्ध नहीं, उसके एकमात्र 'सब' राम ही हैं। तो दूसरी ओर, रामप्रेमी कैकेयी का महात्याग! सच्चे प्रेमी का आदर्श प्रेममार्ग अति कठिन है। वह फल नहीं, शूल का मार्ग है। सम्भव है किन्हीं प्रेमियों पर फूल बरसाये जाते हों, पर शूल-प्रहार भी हो सकता है, उसे सहन कर लेने की शक्तिवाला ही इस पर चल सकता है। निश्चित ही रामायणकाल में सर्वाधिक तिरस्कृत कैकेयी अम्बा थी, पर प्रभु ने कह ही दिया- जननी कैकेयी को वे ही दोष देते हैं, जिन्होंने सत्संग के द्वारा इसका रहस्य नहीं जान लिया है।'

- पूज्यपाद पं. रामकिंकर उपाध्याय

शाओमी के बाद वीवों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय ने चाइनीज कंपनी शाओमी के बाद अब वीवो के ठिकानों पर छापेमारी की है। स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप हैं, ईडी इसकी जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक देशभर में वीवो और उससे जुड़ी कंपनियों के 44 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई चल रही है। इससे पहले ईडी ने मोबाइल कंपनी शाओमी की 5,551 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। चीनी स्मार्टफोन मेकर कंपनियों पर रॉयल्टी के नाम पर देश से बाहर पैसा भेजने और टैक्स चोरी का आरोप है। सरकार ने चीन के कंपनियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। इसी सिलसिले में वीवो के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और दक्षिण के कुछ राज्यों में छापेमारी चल रही है। देश के मोबाइल फोन मार्केट में चीनी कंपनियों का दबदबा है। इसमें शाओमी, ओप्पो और वीवो शामिल हैं। भारत में ये कंपनियों दोनों हाथों से कमा रही हैं, लेकिन एक भी पैसे का टैक्स नहीं देती हैं। सरकार ने इन कंपनियों के गोरखधंधे को उजागर करने के लिए एक विस्तृत जांच शुरू की थी। यह जांच कई एजेंसियां कर रही हैं। इन कंपनियों पर पिछले कुछ वर्षों के दौरान नियामकीय फाइलिंग और दूसरी तरह की रिपोर्टिंग में अनियमितता बरतने का आरोप है। साथ ही उनकी बिजनेस प्रैक्टिसेज की भी जांच की जा रही है।
चीनी कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी इनकम के बारे में जानकारी छिपाई, टैक्स से बचने के लिए प्रॉफिट की जानकारी नहीं दी और भारतीय बाजार में घरेलू इंडस्ट्री को तबाह करने के लिए अपने दबदबे का इस्तेमाल किया। साथ ही इन कंपनियों पर कंपोनेंट्स लेने और प्रोडक्ट्स के डिस्ट्रिब्यूशन में पारदर्शिता नहीं बरतने का भी आरोप है। चीनी कंपनियों ने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज में जो फाइलिंग की है, उसमें घाटा दिखाया है। जबकि इस दौरान इनकी जबरदस्त बिक्री हुई और सबसे ज्यादा फोन बेचने वाली कंपनियों की लिस्ट में वे टॉप पर रहीं।

प्रार्थना भी बदलो 75 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले इलाके में कट्टरपंथियों का फरमान

नई दिल्ली । झारखंड के स्कूल में धर्म के नाम पर प्रार्थना को जबरन बदले जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करते हुए उपायुक्त को कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। शिक्षा मंत्री ने साफ कहा है कि सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्यालय, कोरवाडीह का यह मामला है। आरोप है कि यहां के प्रधानाध्यापक योगेश राम पर गांव के लोगों ने दबाव बनाया कि वो स्कूल में बरसों से हो रही प्रार्थना को बदल दें। गांव वालों के दबाव की वजह से स्कूल में 'अब दया कर दान' प्रार्थना की जगह तू ही राम, तू ही रहीम प्रार्थना शुरू हो गई। बच्चों को हाथ जोड़ प्रार्थना करने से भी मना किया गया। मुस्लिम बहुल गांव के लोगों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उनकी आबादी 75 फीसदी है। इसलिए स्कूल में प्रार्थना के लिए नियम भी हमारे मुताबिक ही बनाने होंगे। इसके बाद प्रधानाध्यापक ने इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी। खुलासा हुआ कि पिछले 4 महीने से स्कूल में पुरानी प्रार्थना को बदल कर नई प्रार्थना छात्रों से करवाई जा रही है। अब इस मामले में राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गढ़वा के उपायुक्त से फोन पर बात कर कार्रवाई के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूल विभाग की गाइडलाइन के मुताबिक ही चलेंगे। हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री ने साफ किया कि कोई गांव अगर मुस्लिम बहुल हो या कोई अन्य धर्म बहुल लेकिन धर्म के मुताबिक, सरकार स्कूल में प्रार्थना की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

कर्नाटक: होटल में वास्तु विशेषज्ञ चंद्रशेखर गुरुजी की छुरा घोंपकर हत्या, सीएम ने दिए सख्त एक्शन के निर्देश

नई दिल्ली । कर्नाटक के हुबली में एक होटल में सरल वास्तु से प्रसिद्धि पा चुके चंद्रशेखर गुरुजी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुका है। इसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि होटल के रिसेप्शन पर दो लोग उन्हें चाकू मार रहे हैं। खबर तो यह भी है कि फिलहाल इस मामले को लेकर 2 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस घटना को लेकर उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर गुरुजी की हत्या जघन्य है, यह दिन के उजाले में हुआ। वीडियो में दिख रहे दोषियों को पकड़ने के लिए मैंने पुलिस कमिश्नर लाभ राम से बात की है. पुलिस पहले से ही इस पर है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें उस होटल के लॉबी एरिया में बुलाया, जहां वह ठहरे हुए थे। एक व्यक्ति ने उसे विश किया और अचानक उसे छुरा घोंपने लगा। कई चोटों के कारण, जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हमने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दिख रहा है कि होटल के 'रिसेप्शन' क्षेत्र में दो लोग गुरुजी को लगातार कई बार छुरा घोंप रहे हैं। हत्यारों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया है। घटना की जानकारी मिलते ही हुबली के पुलिस आयुक्त लाभू राम मौके पर पहुंचे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मूल रूप से बगलकोटे निवासी गुरुजी ने ठेकेदार के रूप में काम करना शुरू किया, लेकिन बाद में उन्हें मुंबई में नौकरी मिल गई। इसके बाद गुरुजी मुंबई में बस गये और वास्तु परामर्श देने लगे। तीन दिन पहले गुरुजी के परिवार के एक बच्चे की मौत हुबली में हो गई थी, जिसके कारण वह यहां आए थे।

दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान की कराची में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली । दिल्ली से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के विमान की पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। जानकारी के मुताबिक विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई थी, जिसके चलते कराची में विमान को उतारना पड़ा। फ्लाइट में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट के इस विमान में 150 से ज्यादा यात्री सवार थे। इन सभी को कराची एयरपोर्ट के लॉन्ज में ठहराया गया है। विमान में आई खामी की इंजीनियरों द्वारा जांच की जा रही है और तकनीकी गड़बड़ी को दूर करने के बाद ही उड़ान भरी जाएगी। उड्डयन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इंजीनियरों की ओर से क्लियरेंस रिपोर्ट मिलने के बाद ही फ्लाइट को आगे के सफर के लिए रवाना किया जाएगा। इस बीच एक अहम जानकारी सामने आई है कि बीते 17 दिनों में यह छठा मौका है, जब स्पाइसजेट के एयरक्राफ्ट में तकनीकी खामी सामने आई है। आज की घटना के साथ ही उड्डयन महानिदेशालय ने पहले हुई 5 घटनाओं की भी जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने कहा कि स्पाइसजेट का जब बोइंग 737 मैक्स एयरक्राफ्ट दिल्ली से दुबई के सफर में था तो उसके फ्यूल टैंक में गड़बड़ी सामने आई। बाएं फ्यूल टैंक में अचानक ही ईंधन कम बताने लगा और विमान के हवा में होने के चलते पायलटों की चिंता बढ़ गई। ऐसी स्थिति में विमान की कराची एयरपोर्ट में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। अथॉरिटी की ओर से कहा गया कि कराची में जब जांच की गई तो लेफ्ट टैंक से फ्यूल लीक का कोई सबूत नहीं मिला। पाकिस्तान के उड्डयन विभाग ने भी स्पाइसजेट एयरक्राफ्ट की इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी दी है। पीसीएए के अधिकारी ने कहा, 'फ्लाइट के पायलट ने कंट्रोल टावर से उस वक्त संपर्क किया, जब विमान पाकिस्तान के एयरस्पेस से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई है, इसके चलते इमरजेंसी लैंडिंग करनी होगी। हमने मानवीय आधार पर कराची एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग की परमिशन दी।' इससे पहले मार्च 2021 में भी ऐसा ही वाकया सामने आया था, जब शारजाह से लखनऊ आ रहे विमान को मेडिकल इमरजेंसी के चलते कराची एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा था।

'सीमा पार लगभग 150 आतंकवादी मौजूद', डीजीपी बोले- अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने पाकिस्तान से तस्करी कर लाए गए चिपचिपे बमों को एक 'गंभीर खतरा' बताया लेकिन साथ ही सोमवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है जो सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा पार लगभग 150 आतंकवादी मौजूद हैं, लेकिन सुरक्षा बल पूरी तरह से सतर्क हैं। सुरक्षा बलों ने आतंकियों के घाटी में घुसने के मंसूबों को विफल कर दिया है। पुलिस प्रमुख ने रियासी जिले के महोर में संवाददाताओं से कहा, 'अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा संबंधी सभी उपाय किए गए हैं।' वह यहां लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो वांछित आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करने के लिए ग्रामीणों की सराहना करने गये थे। दो आतंकवादी-तालिब हुसैन शाह, राजौरी में हालिया विस्फोटों के पीछे एक मुख्य साजिशकर्ता, और पुलवामा के उसके कश्मीरी सहयोगी फैसल अहमद डार को रविवार तड़के सुदूर टक्सन ढोक के ग्रामीणों ने काबू कर लिया और बाद में पुलिस को सौंप दिया।

प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता ने भारत की पाक नीति को आकार दिया : जयशंकर

नई दिल्ली (एजेंसी)।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि सीमापार आतंकवाद को सामान्य स्थिति के रूप में स्वीकार नहीं करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता ने वर्ष 2014 के बाद से भारत की पाकिस्तान नीति को आकार देने में मदद पहुंचायी। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक समारोह को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि विदेश में प्रधानमंत्री मोदी 'सर्वोत्कृष्ट भारतीय' माने जाते हैं और उनकी कूटनीति को लेकर उनकी सहजता ने उन्हें दुनिया के देशों एवं उनके नेताओं के साथ सम्पर्क बनाने में मदद की।

जयशंकर ने पुस्तक 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलिवरी' में अपने लिखे एक अध्याय को पढ़ा और कहा, '' जब मैं उनसे (प्रधानमंत्री मोदी) वर्ष 2011 में चीन में मिला था, तब मैं राजदूत था। दूसरे मुख्यमंत्रियों के विपरीत उन्होंने खास तौर पर राजनीतिक ब्रीफिंग देने को कहा। '' उन्होंने कहा,'' मुझे उनका (मोदी) इस बात के महत्व को रेखांकित करना याद आता है कि आतंकवाद और संप्रभुत्ता के मुद्दे पर, हमें विदेश में, खासतौर से चीन में, एक स्वर में बोलने की जरूरत है।'

विदेश मंत्री ने कहा, '' जब आतंकवाद खास तौर पर इसकी सीमापार प्रकृति की बात आती है, वह (मोदी) पूरी तरह से स्पष्ट थे कि इसे (सीमापार आतंकवाद को) सामान्य स्थिति नहीं बनने दिया जायेगा। इस प्रतिबद्धता ने वर्ष 2014 के बाद से हमारी पाकिस्तान नीति को आकार देने में मदद की।'' जयशंकर ने इस बात को रेखांकित किया कि विश्व मंच पर प्रधानमंत्री मोदी का कद बढ़ा है क्योंकि उनकी नीतियों एवं पहल का प्रभाव पड़ा है।

योगी सरकार का 100 दिन का कार्यकाल निराशाजनक : मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों मायावती ने मंगलवार को निशाना साधा हैं। बसपा नेता ने ट्वीट कर कहा, 'यूपी भाजपा सरकार ने 100 दिन के कार्यकाल का काफी जश्न मना लिया किन्तु गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई आदि की ज्वलन्त समस्याओं को दूर करने, कानून-व्यवस्था बेहतर बनाने, सभी जाति व धर्मों में आपसी भाईचारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द पैदा करने के मामले में इनका कार्यकाल उदासीन व अति-निराशाजनक है।' गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिनों में किए गए कार्यों का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश किया था। मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर यहां संवाददाता सम्मेलन में अपनी इस शुरुआती कार्य अवधि का ब्यौरा पेश करते हुए कहा था कि यह शुरुआती 100 दिन सेवा, सुरक्षा और सुशासन के प्रति समर्पित रहे। सरकार ने 'जो कहा सो किया' के इस परंपरागत अभियान को आगे बढ़ाते हुए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा काम किया है।

एकनाथ शिंदे ने वीर सावरकर को किया नमन, बोले- हम सभी का सम्मान कर हिंदुत्व को बढ़ाएंगे आगे

अमरावती। (एजेंसी)।

महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापटक के बाद एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के 40 विधायकों ने बगावत किया था जिसके बाद महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन हुआ। मुख्यमंत्री बनने के बाद सोमवार को एकनाथ शिंदे ने दादर इलाके के शिवाजी पार्क में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के स्मारक पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी और कहा था कि उनकी सरकार आम आदमी की सरकार है। इसके बाद आज एकनाथ शिंदे ने वीर सावरकर को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां स्वतंत्र वीर सावरकर जी को नमन करने आया हूं, हम लोग बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व को आगे लेकर जा रहे हैं और हमारी सरकार आम लोगों की सरकार है, हम सभी का सम्मान कर हिंदुत्व को आगे बढ़ाएंगे और राज्य का विकास करेंगे।

पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन

एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें राज्य के विकास के लिए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया है। शिंदे ने सैकड़ों शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक तबकों की आलोचना के बावजूद, उन्होंने जो जोखिम उठाया (हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के संदर्भ में) उसकी लोगों ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि मैं पूरे राज्य का दौरा करने जा रहा हूं और हर निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनाओं का आवंटन करूंगा। राज्य का पूरी तरह से कायापलट किया जाएगा। मैं बढ़ा-चढ़ाकर बात नहीं करना चाहता, मैं काम करता हूं और फिर बोलता हूं।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें राज्य के विकास के लिए काम करने को कहा है। शिंदे ने कहा, '' उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) मुझसे कहा कि वह और केंद्र सरकार मेरा समर्थन करेंगे। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपना पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मैं हिंदुत्व के लिए अच्छा काम कर रहा हूं।''

बाल ठाकरे के स्मारक पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी

महाराष्ट्र विधानसभा में बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सोमवार रात मुंबई के दादर इलाके के शिवाजी पार्क में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के स्मारक पहुंचे और कहा कि उनकी सरकार आम आदमी की सरकार है। उन्होंने शाम करीब साढ़े सात बजे शिवसेना के उन विधायकों के साथ स्मारक पर फूल चढ़ाए, जो उनके गुट में शामिल हो गए थे। शिंदे ने कहा, यह सरकार बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद से 99 के मुकाबले 164 के प्रचंड बहुमत से विश्वास मत साबित कर सत्ता में आई है। महाराष्ट्र विधानसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना के विधायकों की संख्या 99 है जबकि भाजपा, शिंदे गुट और निर्दलीय विधायकों की तादाद 164 से ज्यादा है। इससे पहले, शिंदे ने दक्षिण मुंबई में हुतात्मा चौक स्मारक पर जाकर संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वह चैत्यभूमि भी गए। शिवाजी पार्क से शिंदे एक विशेष बस से ठाणे शहर में अपने आवास पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

अब नौसेना में दिखेगी बेटियों की ताकत अग्निपथ के तहत 20 फीसदी महिलाओं को मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सरकार ने अग्निपथ योजना के विरोध के बीच ही भर्ती के नोटिफिकेशन जारी कर दिए थे। इस स्कीम के तहत तीनों सेनाओं में भर्ती के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन कर रहे हैं। भारतीय नौसेना की तरफ से मंगलवार को कहा गया कि अग्निपथ के तहत 20 फीसदी भर्तियां महिलाओं की की जाएगी। एक नौसेना अधिकारी ने बताया कि इन अग्निवीरों को समूद्री रक्षा बल की अलग-अलग ब्रांच में भेजा जाएगा। नौसेना ने 1 जुलाई से ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि अब तक 10 हजार से ज्यादा महिलाओं ने आवेदन किए हैं। अधिकारियों ने कहा, नेवी में अग्निपथ योजना जेंडर न्यूट्रल है। अब भी हमारे यहां युद्धपोतों पर 30 महिला अधिकारी लीड करती हैं। जिन ब्रांचों में महिला अग्निवीरों को पोस्ट किया जाएगा उनमें ऑर्डनैंस, इलेक्ट्रिकल ऐंड नेवल एयर मकैनिक्स, कम्युनिकेशन ऐंड कम्युनिकेशन वारफेयर, गनरी वेपन्स ऐंड सेंसर्स शामिल हैं। पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब कि वॉरशिप पर तैनात करने के लिए महिला सेलर्स की भर्ती की जाएगी। नौसेना के अधिकारियों ने कहा कि पहली बार महिला सेलर्स की भर्ती की जाएगी जो कि समुद्र में अपनी ड्यूटी देंगी। बता दें कि आर्मी ने भी 1 जुलाई को ही अग्निपथ योजना के तहत भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। देशभर में भर्ती रैली की तारीफ पर फैसला हो गया है। 14 जून को अग्निपथ योजना लॉन्च की गई थी। इसके बाद देशभर में इसके विरोध में प्रदर्शन हुए। विपक्षी दलों ने भी इस योजना को राष्ट्रहित और युवाओं को विरुद्ध बताया और प्रदर्शन किए। इसके तहत अग्निवीर चार साल तक सेना में सेवा देंगे और इसके बाद 75 फीसदी सैनिक रिटायर हो जाएंगे। वहीं 25 फीसदी को स्थायी नौकरी दी जाएगी। बहुत दबाव के बावजूद सरकार ने साफ कह दिया है कि यह योजना वापस नहीं ली जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका इस योजना के विरोध में दी गई है जिसपर सुनवाई के लिए कोर्ट तैयार हो गया है।

संविधान के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले केरल के मंत्री को बर्खास्त किया जाए : कांग्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी)।

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने केरल सरकार के एक मंत्री द्वारा संविधान के बारे में 'आपत्तिजनक टिप्पणी' किए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि इस मंत्री को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, '' हम केरल सरकार के मंत्री साजी चेरियन द्वारा भारत के संविधान पर हमला किए जाने की निंदा करते हैं और इसे खारिज करते हैं। उन्होंने न सिर्फ उस संविधान का अपमान किया है, जिसकी उन्होंने शपथ ली है, बल्कि बाबा साहेब आंबेडकर और भारत के विचारों को भी उन्होंने अपमानित किया है।

उन्हें तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए।'' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''केरल के मंत्री ने संविधान के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की है, उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए।'' गौरतलब है कि केरल के मंत्री साजी चेरियन ने संविधान की कथित तौर पर कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह ''शोषण को माफ करता है'' और इसे इस तरह से लिखा गया है कि इसका इस्तेमाल देश के लोगों को ''लूटने'' के लिए किया जा सके। इस बयान को लेकर वह राज्य में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित विभिन्न वर्गों के निशाने पर आ गए हैं। चेरियन ने मल्लापल्ली में हाल ही में आयोजित हुए एक राजनीतिक कार्यक्रम में यह बयान दिया था। मंगलवार को क्षेत्रीय टेलीविजन चैनलों के इस भाषण को प्रसारित करने के बाद यह मुद्दा सामने आया।

दिल्ली में 'आप' से बीजेपी डरी हुई है, केजरीवाल ने कहा- जल्द हो एमसीडी चुनाव वरना हम जाएंगे कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि एमसीडी चुनाव नहीं कराने के लिए केंद्र अपनी शक्तियों का प्रयोग कर रहा है और गुंडागर्दी कर रहा है। दिल्ली विधानसभा में बोलते हुए, केजरीवाल ने कहा कि आप सरकार एमसीडी चुनाव समय पर कराने के लिए इस मामले में अदालत का रुख करेगी। केजरीवाल ने कहा कि एमसीडी चुनाव समय पर कराने के लिए हमें अदालत का दरवाजा खटखटाना होगा और हम करेंगे।

केजरीवाल ने दावा किया कि ऐसी बातचीत चल रही है कि दिल्ली को पूर्ण केंद्र शासित प्रदेश में बदला जा सकता है और फिर चुनाव नहीं होंगे। दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अधिनियम, 2022 के इस साल की शुरुआत में संसद में पारित होने के बाद, राष्ट्रीय राजधानी के तीन नगर निकायों को मिलाकर दिल्ली का नया एकीकृत नगर निगम 22 मई को लागू हुआ। तीनों नगर निकाय - उत्तर, दक्षिण और पूर्वी

दिल्ली नगर निगम - एकीकरण से पहले भाजपा के नियंत्रण में थे। भाजपा ने नगर निकायों को नियंत्रित किया है, जिन्हें 2012 में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 15 वर्षों तक तीन भागों में विभाजित किया गया था।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आप से बीजेपी डरी हुई है। वे चुनाव नहीं कराना चाहते। यह अलोकतांत्रिक है। जरूरत पड़ी तो हम मामले को कोर्ट में ले जाएंगे। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी पर केजरीवाल ने कहा, 'यह देश के लिए काला दिन था।' सत्येंद्र जैन को 30 मई को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद है।

इस साल अमरनाथ यात्रियों की बड़ी संख्या को देखकर खुश हैं टैंट और खच्चर वाले

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कड़ी सुरक्षा के बीच पवित्र अमरनाथ यात्रा जारी है। मंगलवार सुबह भी 6,300 से अधिक तीर्थयात्रियों का छठा जत्था पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया है कि अभी तक 72000 से अधिक तीर्थयात्री पवित्र गुफा में बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। तीर्थयात्रियों की संख्या जिस तरह तेजी से बढ़ रही है उसको देखते हुए इस बार पिछले सभी रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद जताई जा रही है। तीन साल के अंतराल के बाद शुरू हुई अमरनाथ यात्रा को लेकर जहां श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है वहीं यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पालकी की सेवा प्रदान करने वाले, घोड़े और खच्चर वाले, टैंट वाले या जरूरी सामान बेचने वाले लोग बहुत खुश हैं। इन लोगों का कहना है कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद सुरक्षा कारणों से अमरनाथ यात्रा बीच में ही रोक दी गयी थी और उसके बाद दो साल कोरोना में निकल गये जिससे इस यात्रा का आयोजन नहीं हो सका था लेकिन अब जब हालात में बड़ा सुधार आया है तो श्रद्धालुओं की भीड़ आने से कारोबार अच्छा हो रहा है। प्रभासाक्षी संवाददाता ने जब इन लोगों की प्रतिक्रिया जाननी चाही तो सभी ने अपनी खुशी जताई।

उपराज्यपाल ने लिया सुविधाओं का जायजा

वहीं अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा और यात्रियों की सुविधाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कहीं कोई कमी ना रह जाये इसके लिए स्वयं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए बनाए गए बालटाल आधार शिविर का दौरा कर वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपराज्यपाल ने बालटाल आधार शिविर में श्री अमरनाथजी तीर्थयात्रियों, अधिकारियों और खच्चर वालों से बातचीत की। उन्होंने सुविधाओं, सेवाओं की गुणवत्ता, यात्रियों, स्वयंसेवकों की भलाई के बारे में पूछताछ की और नियंत्रण कक्षों का निरीक्षण भी किया।

सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद

दूसरी ओर, अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल किस तरह मुस्तैद हैं इसका उदाहरण सोमवार को तब देखने को मिला जब महाराष्ट्र के अकोला निवासी सत्यनारायण तोशनेयार बरारीमार्ग में अमरनाथ तीर्थ यात्रा से लौटते समय खच्चर समेत नदी में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गये। सत्यनारायण तोशनेयार के सिर में चोट आई है और उनकी पसलियां टूट गईं हैं। दरअसल उनके खच्चर का संतुलन बिगड़ने से वह सिंद नदी की ओर 100 फीट नीचे गिर गए थे। जैसे ही घटना की सूचना मिली वैसे ही बचाव दल उन्हें सुरक्षित निकाल कर पहले सेना के शिविर तक लाया, फिर उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा नीचे श्रीनगर के अस्पताल ले जाया गया।

इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शर्मनाक हार

पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर

पांचवें टेस्ट में 7 विकेट से अंग्रेजों ने दी मात

350+ का टारगेट देकर पहली बार हारी टीम इंडिया

बर्मिंघम | एजेंसी

भारत का इंग्लैंड में 15 साल बाद टेस्ट सीरीज जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। इंग्लैंड ने बर्मिंघम टेस्ट में टीम इंडिया को 7 विकेट से हरा दिया। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे जो रूट (142) और जॉनी बेयरस्टो (114) के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 269 रनों की पार्टनरशिप की बदौलत इंग्लैंड ने 378 रन के टारगेट को तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर हो गई है। ये पहली बार है जब भारत ने विरोधी टीम को 350 से अधिक का टारगेट दिया हो और उसके बाद भी मैच गंवा दिया।

रूट के बल्ले ने मचाया धमाल

जो रूट ने पाचवें दिन अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक जड़ा। 2021 के बाद इंग्लैंड के इस बल्लेबाज के बल्ले से 47 पारियों में 11 शतक निकल चुके हैं। भारत के खिलाफ रूट की 9वीं सेंचुरी रही।भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन पर ऑल-आउट हो गई और इंग्लैंड को 378 रन का लक्ष्य मिला। ऐसा लगा ये लक्ष्य बड़ा है, लेकिन भारतीय गेंदबाजों को पहले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने धोया। एलेक्स लीस और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए 107 रन जोड़े, हालांकि इसके बाद 2 रन के अंदर 3 बल्लेबाज पवेलियन लौटे और ऐसा लगा भारत ने मैच में वापसी कर ली है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जॉनी बेयरस्टो और जो रूट ने तो पूरा मैच ही बदल दिया। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 107 रन जोड़े और मैच को इंग्लैंड के पक्ष में ले गए।

बुमराह ने दो विकेट लिए फिर भारत ने दो रिव्यू गंवा दिए

टीम इंडिया के कप्तान जसप्रीत बुमराह ने मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के शुरूआती दोनों विकेट झटके। टी से पहले उन्होंने जैक क्रॉली को 46 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड किया। वहीं, टी के बाद पहली ही गेंद पर ओली पोप को विकेट के पीछे कैच आउट कराया। इंग्लैंड दोनों झटको से अभी संभल भी नहीं पाया था, तभी मोहम्मद शमी के एक शानदार थ्रो ने एलेक्स लीस को रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत ने दो ओवर में 2 रिव्यू गंवा दिए। पहले रवींद्र जडेजा की गेंद पर जो रूट के लिए एलबीडब्लू की अपील हुई, लेकिन अंपायर ने नॉट-आउट दे दिया। भारतीय खिलाड़ियों को लगा रूट आउट हैं और रिव्यू ले लिया। रिप्ले में साफ नजर आया कि बॉल लेग स्टंप से बाहर जा रही है। इसके अगले ओवर में शमी की गेंद पर एक बार फिर भारतीय खिलाड़ियों ने छइह के लिए जोरदार अपील की। इस बार भी बल्लेबाज रूट ही थे। रिप्ले में साफ नजर आया कि गेंद स्टंप से ऊपर जा रही है और एक बार फिर रूट बच गए और टीम इंडिया ने अपने दो रिव्यू गंवा दिए।

पंत-पुजारा ने बनाए सबसे ज्यादा रन

भारत के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन चेतेश्वर पुजारा ने बनाए। उन्होंने 66 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 8 चौके निकले। पुजारा को स्टुअर्ट ब्रॉड ने पवेलियन भेजा। ब्रॉड की पटकी हुई गेंद को चेतेश्वर पॉइंट की दिशा में खेलना चाहते थे, लेकिन वहां खड़े एलेक्स लीस ने आसान सा कैच लपक लिया। वहीं, पहली पारी में शानदार 146 रन बनाने वाले ऋषभ ने दूसरी पारी में भी अर्धशतक जड़ा। वह 86 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुए। ये उनके टेस्ट करियर की 10वीं फिफ्टी रही। उन्हें जैक लीच ने अपना शिकार बनाया। श्रेयस अय्यर एक बार फिर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। मैथ्यू पॉट्स की शॉर्ट गेंद को वो पुल करना चाहते थे, लेकिन जेम्स एंडरसन को एक आसान कैच दे बैठे। अय्यर के बल्ले से 19 रन निकले। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 4 विकेट बेन स्टोक्स ने लिए।

खेल स्कोर

भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट का स्कोर इस प्रकार है ।

भारत पहली पारी : 416 रन
इंग्लैंड पहली पारी : 245 रन
भारत दूसरी पारी : 284 रन

इंग्लैंड दूसरी पारी :
एलेक्स लीस रन आउट 56
जाक क्रॉली बो बुमराह 46
ओली पोप का पंत बो बुमराह 0
जो रूट नाबाद 142
जॉनी बेयरस्टॉ नाबाद 114
अतिरिक्त : 20 रन
कुल योग : 76 . 4 ओवर में तीन विकेट पर 378 रन विकेट पतन : 1 . 107, 2 . 107, 3 . 109

गेंदबाजी :

बुमराह	17 . 1 . 74 . 2
शमी	15 . 2 . 64 . 0
जडेजा	18.4 . 3 . 62 . 0
सिराज	15 . 0 . 98 . 0
ठाकुर	11 . 0 . 65 . 0

विंबलडन में मुकाबले

सानिया मिर्जा सेमीफाइनल में : मिक्स्ड डबल्स इवेंट में अपने जोड़ीदार के साथ डाब्रोवस्की-पीयर्स को हराया

लंदन | एजेंसी



भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने जोड़ीदार मेट पाविक के साथ साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय-क्रोएशियाई जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में रोमांचक जीत हासिल की। उन्होंने सोमवार को चौथी वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोवस्की और जॉन पीयर्स को सीधे सेटों में हराया। हालांकि, इस जीत के लिए विजेता खिलाड़ियों को संघर्ष करना पड़ा। यहां बता दें कि यह सानिया मिर्जा का आखिरी विम्बलडन है। 35 साल की इस भारतीय खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी है कि 2022 सीजन उनके करियर का आखिरी दौरा होगा।

डेढ घंटे से ज्यादा चला मुकाबला

मिर्जा और पाविक की जोड़ी ने डाब्रोवस्की-पीयर्स की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 41 मिनट तक चला। पूरे मैच में सानिया और पाविक अपने रिटर्न्स के साथ मजबूत दिखे। इन दोनों ने आखिरी सेट में प्रतिद्वंद्वियों पर दवाब कम नहीं होने दिया।

6 साल पहले जीता था आखिरी ग्रैंड स्लैम

सानिया मिर्जा ने आखिरी ग्रैंड स्लैम टाइटल 2016 में जीता था। वे ऑस्ट्रेलिया ओपन के विमेन डबल्स इवेंट में चैंपियन बनी थीं। 2015 में सानिया मिर्जा ने विम्बलडन का डबल्स खिताब जीता था। मिक्स्ड डबल्स में आखिरी ग्रैंड स्लैम सानिया ने 2014 में जीता था।

हालेप क्वार्टर फाइनल में

रोमानिया की सिमोना हालेप ने एकतरफा मुकाबले में चौथी वरीय पाउला बाडोसा को सीधे सेटों में हराकर विबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सोलहवीं वरीय हालेप ने बाडोसा को 6-1, 6-2 से हराकर आल इंग्लैंड क्लब पर लगातार 11वां मैच जीता और पांचवीं बार विबलडन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालेप ने 2019 में विबलडन खिताब जीता था जबकि इसके अगले साल कोरोना वायरस महामारी के कारण इस टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया। रोमानिया की यह खिलाड़ी बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण पिछले साल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाई थी। बाडोसा के खिलाफ हालेप ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और अपनी सिंवस पर सिर्फ आठ अंक गंवाए और इस दौरान अपनी सिंवस पर एकमात्र ब्रेक प्वाइंट भी बचाया। रोमानिया की इस खिलाड़ी ने बाडोसा की सिंवस पर भी 55 में से 30 अंक जीते। हालेप अगले दौर में अमांडा अनिसिमोवा से भिड़ेंगी। अमेरिका की 20वीं वरीय अमांडा ने पदार्पण कर रही फ्रांस की हार्मोनी टेन को 6-2, 6-3 से हराया। हार्मोनी ने पहले दौर में सेरेना विलियम्स को हराया था।

शाकिब अल हसन के नाम टी-20 में 2000 रन और 100 विकेट

ढाका । बांग्लादेश के स्टार ऑल-राऊंडर शाकिब अल हसन अंतरराष्ट्रीय टी20 में 2000 रन और 100 विकेट पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शाकिब ने यह कीर्तिमान वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में हासिल किया। शाकिब ने इस मैच में 52 गेंदें खेलकर 68 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय टी20 में 2000 रन पूरे किए हालांकि बांग्लादेश वेस्टइंडीज के 193 रन का पीछा करते हुए 20 ओवर में 158 रन ही बना सकी और 35 रन से हार गई। उन्होंने गेंदबाजी करते हुए एक विकेट भी लिया। शाकिब 98 मैचों के अपने टी-20 करियर में 23.31 की औसत और 12.86 की स्ट्राइक रेट से 2005 रन बना चुके हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टी20 में 10 अर्द्धशतक लगाए हैं। साथ ही शाकिब ने 6.7 की इकॉनमी के साथ बांग्लादेश के लिए 120 विकेट भी लिए हैं।

महिला एकदिवसीय रैंकिंग

मंधाना आठवें स्थान पर शेफाली भी आगे बढ़ी

दुबई | एजेंसी

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को यहां जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में एक स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गई। मंधाना ने सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भारत की 10 विकेट की जीत के दौरान 83 गेंद में नाबाद 94 रन की पारी खेली। वह बल्लेबाजी सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। आस्ट्रेलिया की एलिसा हीली शीर्ष पर चल रही हैं जबकि इंग्लैंड की नताली स्किवर दूसरे स्थान पर हैं।

दीप्ति को मिले 20 रेटिंग अंक

आलराउंडर दीप्ति शर्मा और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। इन दोनों ने पालेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की आईसीसी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला (आईडब्ल्यूसी) में भारत को 2-0 की बढत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने 25 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 22 रन बनाए जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से 29वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की सूची में भी तीन स्थान के फायदे से 16वें पायदान पर पहुंच गई हैं। आलराउंडरों की सूची में दीप्ति को 20 रेटिंग अंक मिले और वह छठे स्थान पर मौजूद आस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर से सिर्फ एक अंक पीछे है।

राफेल नडाल आठवीं बार क्वाटर फाइनल में , अब टेलर फ्रिट्ज से होगा मुकाबला

टेनिस स्टार राफेल नडाल ने विंबलडन ओपन 2022 में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने बॉटिक वैन डे जांडशुल्प को सीधे सेटों में मात दी और मुकाबला आसानी से अपने नाम किया। सेंटर कोर्ट में हुए इस मुकाबले में नडाल ने 6-4, 6-2, 7-6 के अंतर से जीत दर्ज की। 36 साल के नडाल इस साल गजब की लय में हैं और पहले ही दो ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। साल की शुरूआत में उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन अपने नाम किया था। इसके बाद फ्रेंच ओपन में भी जीत दर्ज की। अब उनकी निगाह विंबलडन ओपन पर है। दूसरी वरीयता प्राप्त नडाल ने इस मैच में 21वीं वरीयता प्राप्त बोटिक के खिलाफ शानदार लय में दिखे और डच खिलाड़ी के खिलाफ जीत दर्ज की। हालांकि आखिरी सेट में उन्हें संघर्ष करना पड़ा, लेकिन नडाल ने यह मुकाबला तीन सेट के अंदर ही खत्म किया। इससे पहले वो लगातार तीसरे सेट में हार रहे थे, पर इस मैच में उन्होंने अपनी इस कमजोरी को दूर किया। क्वार्टर फाइनल में नडाल का मुकाबला 11वीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। नडाल को इस साल की शुरूआत में टेलर फ्रिट्ज ने इंडियन वेल्स के फाइनल में मात दी थी। अब नडाल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में फ्रिट्ज को हराकर बदला लेना चाहेंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट का बड़ा कदम, पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेगा समान वेतन

क्राइस्टचर्च | एजेंसी

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) और खिलाड़ी संघ के बीच पांच साल के एतिहासिक करार के बाद विश्व क्रिकेट में पहली बार देश की पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में समान मैच फीस मिलेगी। एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड वाइट ने बयान में कहा, मैं इस तरह के महत्वपूर्ण समझौते पर पहुंचने में भूमिका के लिए खिलाड़ियों और बड़े संघों को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, यह हमारे खेल का सबसे महत्वपूर्ण करार है जो एनजेडसी, बड़े संघों और हमारे खिलाड़ी के लिए बाध्यकारी होगा और क्रिकेट में कोष, प्रगति और विकास की आधारशिला रखेगा।

व्यापार स्टार

चिप आपूर्ति में सुधार से यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जून में 40 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली | एजेंसी

देश में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जून में 40 प्रतिशत बढी, जिससे सेमीकंडक्टर आपूर्ति में सुधार का संकेत मिलता है। खासकर एसयूवी खंड के लिए मांग मजबूत बनी हुई है। ऑटो डीलरों के निकाय फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार यात्री वाहनों (पीवी) का पंजीकरण पिछले महीने सालाना आधार पर 40 प्रतिशत बढक़र 2,60,683 इकाई हो गया, जबकि जून 2021 में यह आंकड़ा 1,85,998 इकाई था।

फाडा के अध्यक्ष विकेश गुलाटी ने एक बयान में कहा, ''यात्री वाहन खंड में मजबूत वृद्धि देखी जा रही है। आपूर्ति में वृद्धि स्पष्ट रूप से दिखाती है कि सेमीकंडक्टर उपलब्धता अब बढ.रही है।'' उन्होंने कहा कि चिप की कमी के कारण खासतौर से कॉम्पैक्ट एसयूवी और एसयूवी खंड में प्रतीक्षा अवधि अधिक बनी हुई है। फाडा के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 20 प्रतिशत बढक़र 11,19,096 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की इस अवधि में यह 9,30,825 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री में भी पिछले महीने सालाना आधार पर 89 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

लागत बढ़ने के बावजूद जून में सेवा गतिविधियां 11 साल के उच्चतम स्तर पर

नयी दिल्ली। भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अप्रैल 2011 से अपने उच्चतम स्तर पर हैं। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को बताया गया कि लागत बढ़ने के बावजूद मांग दशाओं में सुधार के चलते यह सुधार हुआ। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.9 से बढ़कर जून में 59.2 हो गया। यह अप्रैल 2011 के बाद का उच्चतम स्तर है। सेवा क्षेत्र में लगातार 11वें महीने में उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे अंक संकुचन को दशार्ता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में संयुक्त निदेशक पोलियाना डी लीमा ने कहा कि फरवरी 2011 के बाद से सेवाओं की मांग में सबसे ज्यादा सुधार देखने को मिला और आर्थिक गतिविधियों में विस्तार से इसे मजबूती मिली।

सेंसेक्स में 100 अंकों की गिरावट, 41 पैसे कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

मुंबई | एजेंसी



शेयर बाजार के लिए मंगलवार का दिन भी बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई, इंट्राडे में बाजार और मजबूत हुआ। लेकिन कारोबार के अंत में बाजार पूरी बढ़त गंवाकर लाल निशान में बंद हुआ है। सेंसेक्स में 100 अंकों की गिरावट रही तो निफ्टी 15800 के करीब आकर बंद हुआ। निफ्टी पर बैंक और फाइनेंशियल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। मेटल और फार्मा इंडेक्स बढ़त के साथ हुए। वहीं ऑटो, आईटी, रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स में 100 अंकों की गिरावट रही, यह 53,134 के लेवल पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 25 अंक टूटकर 15811 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स 30 के 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं, जबकि 11 हरे निशान में। आज के टॉप लूजर्स में आईटीसी, विप्रो, एक्सिस बैंक, एम एंड एम, एलटी, मारुति, एचडीएफसी और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

रुपया 41 पैसे कमजोर होकर 79.36 पर बंद

डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। ये 41 पैसे कमजोर होकर 79.36 पर बंद हुआ। इससे पहले डॉलर के मुकाबले रुपया आज 5 पैसे कमजोर होकर 78.95 के मुकाबले 79 पर खुला था। वहीं कल यानी सोमवार के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 9 पैसे बढ़कर 78.95 के स्तर पर बंद हुआ।

कृष्ण जन्मभूमि केस: मुस्लिम पक्ष ने उठाया केशव देव विराजमान की याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल

लखनऊ, (एजेंसी)। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में ठाकुर केशव देव महाराज विराजमान की स्वीकार्यता (मेंटेनेबिलिटी) पर मथुरा सिविल कोर्ट 7 जुलाई को विचार करेगा। मंगलवार को हुई सुनवाई में हिंदू पक्ष ने शाही मस्जिद के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए जाने की मांग रखी, लेकिन वक्फ बोर्ड और मस्जिद ट्रस्ट के वकीलों ने कहा कि याचिका सुनवाई के लायक ही नहीं है।

मामले की सुनवाई कर रही सिविल जज सीनियर डिवीजन ज्योति सिंह ने हिंदू पक्ष से पहले इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए कहा। सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में मंगलवार को 2 याचिकाएं सुनवाई के लिए लगी थीं। इनमें एक थी वाद संख्या 950/20 जिसमें ठाकुर केशव देव महाराज विराजमान (देवता) के अलावा जय भगवान गोयल, सौरभ गौड़, राजेंद्र माहेश्वरी व महेंद्र प्रताप सिंह वादी हैं। दूसरी याचिका थी वाद संख्या 152/21 जिसे नारायणी सेना नाम की संस्था के अध्यक्ष मनीष यादव ने दाखिल की है। केशव देव विराजमान की याचिका की स्वीकार्यता पर कोर्ट में 7 जुलाई को बहस होगी। वहीं मनीष यादव की याचिका को 16 जुलाई के लिए लगा दिया गया है।

विवादित जगह से की गई मस्जिद हटाने की मांग: केशव देव विराजमान और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका में पूरी 13.37 एकड़ जमीन हिंदुओं को सौंपने की मांग की गई है।

15 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

मनीष यादव की याचिका में कहा गया है कि मस्जिद की 2.65 एकड़ जमीन भगवान श्रीकृष्ण की है। उसे खाली करवाया जाए। यादव की याचिका में इस बात की आशंका जताई गई है मस्जिद में मौजूद मंदिर के सबूतों को मिटाने की कोशिश की जा सकती है। इसलिए, जिला प्रशासन को जगह की लगातार निगरानी करनी चाहिए। इसके अलावा इस मामले में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान, रंजना अग्निहोत्री, शैलेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा जैसे याचिकाकर्ताओं की याचिकाएं भी कोर्ट में लंबित हैं। उनकी सुनवाई के लिए कोर्ट ने 15 जुलाई की तारीख तय की है।

क्या है याचिकाकर्ताओं की दलील: याचिकाकर्ताओं ने औरंगजेब के दरबारियों की तरफ से लिखी गई मासिर ए आलमगीरी जैसी किताबों और दूसरे ऐतिहासिक दस्तावेजों के आधार पर कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कोर्ट को बताया है कि जनवरी 1670 में मुगल फौज ने मथुरा पर हमला कर केशव राय मंदिर को गिरा दिया और वहां एक मस्जिद बना दी। मंदिर की मूर्तियों को आगरा ले जाकर बेगम शाही मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दफन कर दिया, ताकि नमाज के लिए जाते मुसलमान हमेशा उन्हें रौंदते हुए जाएं।

कन्हैयालाल हत्याकांड के एक और आरोपी मोहसिन को एनआईए रिमांड पर भेजा

जयपुर, (एजेंसी)। राजस्थान के उदयपुर कन्हैयालाल हत्याकांड के एक और आरोपी को मंगलवार को 12 जुलाई तक राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) रिमांड पर भेज दिया गया। कन्हैयालाल हत्याकांड की जांच कर एनआईए ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद मोहसिन को दोपहर में यहां एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया, जहां उसे 12 जुलाई तक रिमांड पर भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी रियाज एवं गौस सहित चार आरोपी भी रिमांड पर हैं। इस मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मृतक के परिजनों से दीया कुमारी ने की मुलाकात

राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी ने मंगलवार को उदयपुर हत्याकांड में मृतक टेलर कन्हैयालाल साहू के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की। परिजनों से मुलाकात करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि भाजपा का पूरा परिवार आपके साथ है। आप अपने आपको अकेला न समझे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर तरह से विफल साबित हुई है।

रामपुर कोर्ट पहुंचे सपा नेता आजम खान का छलका दर्द

बोले- सारे मुकदमे हम पर ही होंगे क्या?

रामपुर, (एजेंसी)। डूंगरपुर और यतीमखाना मामले में सपा नेता आजम खान मंगलवार रामपुर कोर्ट पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ सरकारी लोगों पर भी केस होने चाहिए। सारे केस क्या हम पर ही होंगे? क्या सिर्फ विपक्ष के लोगों पर ही सारे मुकदमे दर्ज किए जाएंगे?

ईडी ने फिर आजम खान को नोटिस जारी किया है। ईडी ने आजम और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीम फातिमा के खिलाफ नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने दोनों को अलग-अलग पूछताछ के लिए बुलाया है। डूंगरपुर और यतीमखाना मामले में 12-13 मामले दर्ज हैं जिन पर सुनवाई हो रही है। जौहर यूनिवर्सिटी मामले में ईडी ने आजम खान के बेटे और उनकी पत्नी को 15 जुलाई से पहले ईडी के सामने पेश होने को कहा है। दोनों को ईडी ने अलग-अलग तारीख पर पूछताछ के लिए आने का आदेश दिया है। ईडी जौहर यूनिवर्सिटी मामले में फंड ट्रांसफर के मामले में दोनों से पूछताछ कर रही हैं।

बुलेट ट्रेन की उम्मीदें फिर से पटरी पर लौटीं

महाराष्ट्र में जमीन अधिग्रहण तेज करेगी शिंदे सरकार

मुंबई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे-भाजपा की नई सरकार बनते ही बुलेट ट्रेन को लेकर हलचल शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बुलेट ट्रेन को लेकर उम्मीदें फिर से पटरी पर आती दिख रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद एक कार्यक्रम में बुलेट ट्रेन के संभावित किराए का जिक्र किया है। उनके मुताबिक, बुलेट ट्रेन का किराया ट्रेनों के एसीवी किराये के आधार पर तय किया जाएगा। रेलवे की अब तक की इस सबसे बड़ी परियोजना पर उद्धव ठाकरे की सरकार ने ब्रेक लगा रखे थे। अब उनकी विदाई के साथ बुलेट ट्रेन के अटके काम के फिर से जोर पकड़ने की संभावना है।

भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली पिछली सरकार ही सबसे बड़ा रोड़ा बनी हुई थी। उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने बुलेट ट्रेन को कभी सपोर्ट नहीं किया। महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन को लेकर सबसे बड़ी समस्या जमीन अधिग्रहण की है। एक तरफ जहां 99 फीसदी जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। दादरा व नागर हवेली में जरूरी सारी जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है, वहीं महाराष्ट्र में यह अब तक करीब 70प्रतिशत तक हो पाया है। महाराष्ट्र में कई जगहों पर जमीन अधिग्रहण का काम अटका पड़ा है। उद्धव ठाकरे की सरकार ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई। उद्धव सरकार के रवैये की वजह से बुलेट ट्रेन को लेकर जमीन पर कोई काम नहीं हो पाया। यही कारण है कि बुलेट ट्रेन शुरू करने की कोई समयसीमा तय नहीं हो पाई, जबकि इसकी आधारशीला रखते वक्त कहा गया था कि बुलेट ट्रेन को भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर यानि 15 अगस्त 2022 को शुरू कर दिया जाएगा।

508 किलोमीटर लंबा है बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट

भारत में बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट 508 किलोमीटर लंबा है। इसके तहत मुंबई से अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन चलनी है। इसमें 384 किलामीटर का रूट गुजरात में होगा। महाराष्ट्र में 155 किलोमीटर और दादरा व नागर हवेली में 5 किलोमीटर का रूट तैयार किया जाना है। इस प्रोजेक्ट पर 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च होना है, जिसके लिए जापान बड़ा कर्ज दे रहा है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में हुई देरी से इसकी लागत में बड़ा इजाफा होने का डर है। फिलहाल प्रोजेक्ट का आलम यह है कि 2026 में महज 50 किलोमीटर रूट पर ट्रायल शुरू होने की संभावना है। यह रूट सूरत से विल्लिमोरिया तक होगा। हालांकि महाराष्ट्र में शिंदे-भाजपा सरकार आने से रेलवे की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

प्रयागराज हिंसा का आरोपी इमरान अंसारी गिरफ्तार

पुलिस के सामने किया बड़ा खुलासा

प्रयागराज, (ब्यूरो)। संगम नगरी प्रयागराज में 10 जून को जुमे की नमाज के बाद अटाला इलाके में हुई हिंसा और बवाल के मामले में मंगलवार को बड़ा खुलासा हुआ है। करेली थाना पुलिस ने हिंसा में शामिल इमरान अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इमरान से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तानी वीडियो देखकर अटाला में हिंसा, तोड़फोड़, आगजनी और बवाल किया गया था।

दरअसल मदरसे का एक पूर्व छात्र अम्मार जो वर्तमान में पश्चिम बंगाल में है, उसने वॉट्सएप पर आला-हजरत नाम से एक वॉट्सएप ग्रुप बनाकर लड़कों को जोड़ा था। उस ग्रुप में पाकिस्तान में बने वीडियो को शेयर किया जा रहा था। इसी वीडियो की मदद से अपील की गई थी कि 10 जून को जुमे की नमाज के बाद विरोध करना है और दमखम दिखाना है। इस मैसेज को पढ़कर इमरान समेत कई अन्य लड़के अटाला में पहुंचे और उन्होंने पत्थरबाजी कर बवाल किया। ऐसी चर्चा है कि वॉट्सएप ग्रुप में पाकिस्तानी लड़के भी जुड़े थे। हालांकि प्रयागराज के एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने इसका खंडन किया है। उनके मुताबिक पुलिस ने इमरान अंसारी के मोबाइल को फिलहाल जब्त कर लिया है और उसे फॉरेंसिक लैब भेजकर मोबाइल से डाटा रिकवर कराया जाएगा। उनके मुताबिक इमरान ने अपने अन्य साथियों के नाम और पते भी बताए हैं। पुलिस अब उनकी लोकेशन तलाश करने में जुट गई है।

अब तक पुलिस कर चुकी है 105 लोगों को गिरफ्तार: गौरतलब है कि हिंसा और बवाल के बाद करेली और खुल्दाबाद थाना पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज किए थे, जिसमें 80 से ज्यादा लोगों को नामजद और 5000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हिंसा का मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप को बताते हुए सबसे पहले उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके बाद अब तक 105 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी, जबकि 106वें आरोपी के रूप में इमरान अंसारी को पुलिस ने जेल भेजा है। पुलिस इमरान से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस की ओर जारी किए गए पोस्टर की मदद से करेली में वेल्डिंग चौराहा निवासी 22 साल के इमरान अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। वह बांस बल्ली की दुकान में काम करता है। उसने पुलिस को जानकारी दी है कि गरीब नवाज और जामिया हमीदिया मदरसे में पढ़ाई करता था और वहां के लड़कों ने भी वॉट्सएप ग्रुप बनाया था, जिससे वह जुड़ा हुआ था। उन लोगों ने भी 10 जून को बंद का आह्वान किया था।

तौफीक के कहने पर विरोध प्रदर्शन करने गया था इमरान

इमरान ने पुलिस को बताया है कि जेल भेजे गए तौफीक के कहने पर वह मैसेज पढ़कर अटाला में विरोध प्रदर्शन करने गया था। उसके मोबाइल से कई अहम जानकारियां भी मिली है। पुलिस ने यह भी बताया है कि इमरान ने भी बंद का स्टेटस अपने मोबाइल पर लगा रखा था। इस खुलासे के बाद साजिश में शामिल पश्चिम बंगाल में बैठे छात्र अम्मार की तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अम्मार को गिरफ्तार कर लेगी, जिसके बाद इस मामले में कई दूसरे बड़े खुलासे हो सकते हैं।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो होमगार्ड की मौत

सोनभद्र, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र में वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर स्थित सोन नदी पुल पर तेज रफ्तार कार की टक्कर होने से बाइक सवार दो होमगार्डों की मौके पर ही मौत हो गई। महुआव कला निवासी दीनानाथ (40) और लालमणि (45) अदलगंज थाना चोपन में होमगार्ड थे। सोमवार की रात उनकी ड्यूटी ओबरा थाना में थी। मंगलवार तड़के पांच बजे दोनों बाइक से ड्यूटी करने के बाद घर जा रहे थे। जैसे ही सोन नदी पुल पर पहुंचे कि सामने एक ट्रक खड़ा दिखाई दिया। ट्रक से पास लेने के लिए पीछे नजर घुमाई तो देखा कि एक कार तेजी से आ रही थी। कार से बचने ट्रक के पीछे ही बाइक रोक दी, किंतु तब तक कार दोनों को टक्कर मारते हुए खड़े ट्रक से टकरा गई। घटना के बाद कार चालक दुर्घटना स्थल से फरार हो गया।

प्रयागराज जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

प्रयागराज, (ब्यूरो)। जनपद में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण का मुख्य कार्यक्रम कनिहार, झूंसी में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य जनप्रनिधिगणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सांसद केशरी देवी पटेल, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, विधायक प्रवीण पटेल, विधायक हर्ष वर्धन वाजपेई, विधायक गुरू प्रसाद मौर्या, जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक उप्र जल निगम/सचिव नगर विकास अनिल कुमार, आईजी राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे के कुलदीप ने जीता कांस्य पदक

प्रयागराज (ब्यूरो)। 28 जून से 3 जुलाई तक कजाखस्तान में फर्स्ट एलोरडा बॉक्सिंग चैंपियनशिप संपन्न हुई। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे के कुलदीप, जो कि उत्तर मध्य रेलवे के सीसीटीसी पद पर आगरा में पोस्टेड हैं ने प्रतिभाग किया और कांस्य पदक जीत कर भारत को गौरवांवित किया। इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 5 टीमों क्रमशः भारत, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, क्यूबा, चीन एवं मंगोलिया ने भाग लिया। इनकी इस उपलब्धि पर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की है कि, भविष्य में भी वो इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए उपलब्धि अर्जित करते रहेंगे।

जनपद चित्रकूट में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 का शुभारंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरिशंकरी के पौधे रोपे

लखनऊ (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जनपद चित्रकूट के विकास खंड मानिकपुर के ग्राम पंचायत मड़ैयन के मजरा सेहरिन के पास वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मटदर प्रथम वन ब्लाक में पीपल, बरगद, पाक (हरिशंकरी) के पौधे रोपित किए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार जनपद चित्रकूट सहित संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज यहां 32 करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक लागत की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 82 करोड़ 54 लाख रुपए से अधिक लागत की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष 35 करोड़ पौधों को रोपित किया जाएगा, जिसमें से 25 करोड़ पौधों का रोपण आज संपन्न किया जा रहा है। इस कार्य में समस्त जनप्रतिनिधियों और शासन प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। आगामी 02 दिनों में 05 करोड़ पौधों को रोपित किया जाएगा। साथ ही, आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 अगस्त, 2022 को 05 करोड़ पौधे रोपित किए जाएंगे तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75-75 पौधों के रोपण का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

सारे मोदी चोर कहने पर बढ़ीं राहुल गांधी की मुश्किलें

रांची, (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज करते हुए उन्हें अपनी बात रांची सिविल कोर्ट में कहने का निर्देश दिया है। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने कहा कि वह जिन बिंदुओं को हाईकोर्ट में उठा रहे हैं उन्हें सिविल कोर्ट में उठाना चाहिए। इसके पूर्व हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था।

राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने शिकायत दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान रांची में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी लगा है वह सभी चोर हैं। इससे मोदी समाज आहत हुआ है और उनके सम्मान को ठेस लगा है। राहुल गांधी के खिलाफ अदालत से कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था।

क्या है पूरा मामला: राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान रांची के अलावा कुछ अन्य रैलियों में विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी... इन सभी का एक ही उपनाम मोदी कैसे है? सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी कैसे है? राहुल गांधी ने कथित तौर पर जब यह टिप्पणी की थी तब वह कांग्रेस अध्यक्ष थे।

चेन पुलिंग करने वाले 354 लोगों पर की गई कार्रवाई

प्रयागराज (ब्यूरो)। प्रत्येक यात्री गाड़ी में रेल प्रशासन द्वारा आपात स्थिति में ट्रेनों को रोकने के लिए अलार्म चेन की व्यवस्था की गई है, जिसका बिना उचित और पर्याप्त कारण के प्रयोग करना एक दंडनीय अपराध है, ऐसा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत दंड का प्रावधान है। इस प्रकार बिना उचित और पर्याप्त कारण के चेन खींचने वालों पर अंकुश लगाने के लिए रेल प्रशासन सतत चेकिंग अभियान चला रहा है

इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में 01 अप्रैल से 05 जुलाई तक बिना उचित कारण के चैन पुलिंग करने वाले 354 लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा उनसे 3,17,665 रुपए जुर्माना स्वरूप वसूल किया गया, जबकि समान अवधि में केवल प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल तथा चेकिंग स्टाफ द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरुप 41 प्रकरण बिना उचित और पर्याप्त कारण के चेन खीचने के अपराध में पकड़े गए तथा उनसे 18220 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। रेलवे के नियमों के तहत चेन पुलिंग की सुविधा का दुरुपयोग एक कानूनन अपराध है। रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत अगर कोई यात्री बिना किसी उचित और पर्याप्त कारण के अलार्म चेन का प्रयोग करता है तो उस व्यक्ति पर 1,000 रुपए का जुर्माना या एक साल की कैद या दोनों हो सकते हैं। भविष्य में रेल प्रशासन अपने सम्मानित रेल यात्रियों से सहयोग की उम्मीद करता है।

3,17,665 रुपए वसूला जुर्माना

दयानंद प्रसाद ने संभाला कार्यभार

प्रयागराज, (ब्यूरो)। उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद ने कहा कि आयोग में रिक्त 917 पदों के लिए शीघ्र ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। इसकी तैयारियां उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग में व्यापक स्तर पर चल रही है। उन्होंने कहा कि बैठक में जैसे ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए मंजूरी मिलेगी, वैसे ही विज्ञापन जारी करके अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। यह बातें उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद ने कार्यभार संभालने के बाद सोमवार को कही। बलिया निवासी उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के नवनियुक्त सचिव दयानंद प्रसाद की शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई है। वह 2008 बैच के सीनियर पीसीएस है। उनकी पहली तैनाती इटावा में एसडीएम के पद पर हुई थी।

आज का इतिहास

- **1787** : पश्चिम बंगाल के शिबपुर में भारतीय वनस्पति उद्यान की स्थापना हुई।
- **1785** : अमेरिकी कांग्रेस ने डॉलर को अमेरिकी मुद्रा के नाम से घोषित किया।
- **1885** : लुई पाश्चर ने रेबीज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- **1892** : दादाभाई नौरोजी ब्रिटेन की संसद में पहले भारतीय सदस्य के रूप में चुने गए।
- **1901** : जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म।
- **1923** : सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक का गठन हुआ।
- **1935** : बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामाका जन्म।
- **1944** : नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को पहली बार 'राष्ट्रपिता' के नाम से संबोधित किया।
- **1986** : देश के चौथे उपप्रधानमंत्री जगजीवन राम का निधन।

सियासत अखिलेश यादव ने आजमगढ़ और रामपुर के उपचुनाव में हार पर तोड़ी चुप्पी, कहा

नेताओं के मना करने से प्रचार को नहीं गए

लखनऊ, (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर हुए हालिया उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों की हार हैरान करने वाली रही। इसकी हैरानी की एक बड़ी वजह यह थी कि ये दोनों इलाके सपा के पुराने गढ़ माने जाते हैं। आजमगढ़ लोकसभा सीट से जहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहले खुद सांसद थे, वहीं रामपुर की सीट पर वरिष्ठ सपा नेता आजम खान का खासा दबदबा माना जाता है। इन दोनों सीटों पर लोकसभा उपचुनाव में हार के बाद अखिलेश यादव के नेतृत्व पर सवाल उठने लगे। लोग इस बात से भी हैरान थे कि सपा सुप्रीमो यहां पार्टी प्रत्याशी के प्रचार के लिए एक बार भी नहीं पहुंचे, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला।

ऐसे में जब अखिलेश यादव से इन उपचुनावों में पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार नहीं करने के पीछे की वजह पूछी गई तो उन्होंने हैरान करने वाला जवाब दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी पार्टी के लोगों ने कहा था कि हम जीत जाएंगे आपको आने की जरूरत नहीं है, इसलिए मैं आजमगढ़ और रामपुर प्रचार के लिए नहीं गया। वहीं रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार के पीछे के मूल कारणों के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश यादव ने इसका गोलमोल सा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनकी समीक्षा की जा रही है। अभी समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान चलाने जा रही है, जो लगातार चलेगा।

पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू

दरअसल सपा सुप्रीमो ने मंगलवार को लखनऊ में पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की, जहां संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों ने उनसे उपचुनावों को लेकर ये सवाल किए। वहीं सपा के सदस्यता अभियान को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि सपा गांवों में ज्यादा से ज्यादा पहुंचे, हर घर तक पहुंचे। सपा कार्यकर्ता पार्टी की बात, पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी लेकर जनता के बीच रहेंगे। यह बात लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है कि लोकतंत्र बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के लोग आगे आ रहे हैं। इसमें सहयोग करें और इसके साथ जुड़ें।

खास डॉक्यूमेंट्री दिखाएगी राम मंदिर का इतिहास

अयोध्या, (एजेंसी)। भगवान राम लला का मंदिर अयोध्या में भव्य तरीके से बन रहा है। 1000 वर्षों तक मंदिर कैसे सुरक्षित रहे इसको लेकर के कई बड़ी कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य में जुटी हैं। जिस पर कई वैज्ञानिकों की राय भी ली गई है। 500 वर्षों के मंदिर के इतिहास को जीवंत करने की तैयारी भी ट्रस्ट कर रहा है।

हैदराबाद की संस्था प्रसार भारती के ओर से अब रामलला के मंदिर के संघर्षों के इतिहास को जीवंत करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आगामी पीढ़ी रामलला के मंदिर निर्माण के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान को समझ सके। 1528 से रामलला का मंदिर विवाद चल रहा था। इस दरमियान कई बार संघर्ष हुए बहुत से लोगों ने बलिदान दिया। अब वह सुखद दिन आ गया है जब मंदिर निर्माण शुरू हुआ है। ऐसे में आगामी पीढ़ी रामलला के इतिहास को समझ सकें, इसके लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई जा रही है।श्री राम जन्म भूमि कैंप कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री को प्रसार भारती बना रहा है।